तापमान

अधिकतम 41.6 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 14 जून 2024

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]




गुरुवार को सिम्स रोड पर एक एंबुलेंस पलटते पलटते बच गई। दरअसल इस सड़क पर गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### पारा 41 डिग्री पार उमस बढ़ी

**बिलासपुर।** शहर का तापमान फिर गुरूवार को 41 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान जहां 41.6 डिग्री रहा वहीं न्यूनतम तापमान 25 डिग्री दर्ज किया गया। सुबह से ही धूप खिली हुई थी। हालांकि शाम को बदली के कारण नम हवाओं से वतावरण ठंडा रहा। मौसम विशेषज्ञ डॉ.एचपी चंद्रा ने बताया कि एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मध्य बिहार के ऊपर 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में 14 जून को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छीटें पड़ने की संभावना है।

### चौक पर लगता है जाम लोग होते हैं परेशान

**बिलासपुर।** महाराणा प्रताप चौक पर जाम की समस्या दशकों पुरानी है, लेकिन इन दिनों जाम के लिए मूल कारण अव्यवस्थित निर्माण कार्य है। दरअसल लिंक रोड से चौक की ओर आने वाले मार्ग में जहां आटोवालों का कब्जा है, वहीं लेफ्ट टर्न पूरी तरह से बंद है। अमृत मिशन का गढ्डा, बेतरतीबी कांक्रीट की गेट, नाला और होटल की पार्किंग जैसे कारणों के चलते यहां से दोपहिया वाहनों का गुजरना बंद करा देता है। हाल यह है कि आटो चालकों की मनमानी के आगे सभी 42 डिग्री तापमान में धूप में खड़े रहते हैं। निगम के अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

### पर्ची कटाने घंटों विलंब मरीजों को परेशानी

**बिलासपुर।** संभाग के सबसे बड़े अस्पताल सिम्स में मरीजों को इलाज के साथ दिक्कतें भी मुफ्त में मिलती हैं, अधिकारियों ने निर्माण कार्य को लेकर तेजी दिखाई, लेकिन मरीज को होने वाली परेशानी जस की तस बनी हुई है। समस्याओं पर गौर किया जाए तो सिम्स में पैथौलेब और रेडियोलॉजी विभाग है, लेकिन इन विभाग में जांच कराने के लिए मरीजों को 4 और 5 वीं मंजिल से एमआरडी आना को मजबूर होना पड़ता है, जबकि जांच सेंटर के बाजू में ही कैश काउंटर खोला जा सकता है, लेकिन प्रबंधन इस ओर ध्यान नहीं देता है और पर्ची कटाने के लिए मरीज घंटों लाइन लगते है।

### आंधी चलने से दीवार गिरी धरना दे रहे पांच घायल



**बिलासपुर।** आंधी चलने से धरनास्थल के पास की दीवार गिर गई, यहां धरना दे रहे पांच आंदोलनकारी घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। कोटा एसडीओपी नुपुर उपाध्याय ने बताया, कोटा में स्थित एक कोलवाशरी के पास स्थानीय लोग टेंट लगाकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। गुरूवार को धरनास्थल पर 10 से 12 लोग बैठे हुए थे। दोपहर में तेज आंधी चलने से टेंट उखड़कर फेंका गया और पीछे बनी ईंट की दीवार गिर गई, जिससे धरना दे रहे आलोक गोस्वामी पिता जितेन्द्र 18 साल पथर्रा, अनुराग गोस्वामी पिता जितेन्द्र 16 साल पथर्रा, बजरहा केंवट पिता जोहन 42 साल खरगहनी, कमल गोंड़ पिता मुड़िया 65 साल खरगहनी, शंकर यादव पिता मालिकराम यादव को चोट आई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को कोटा सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लेकर गई। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई है।

# आरक्षण नियमों का पालन नहीं, कोतवाली मल्टीलेवल पार्किंग की दुकानों का आवंटन कोर्ट के फैसले से बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र अग्रवाल की बेंच ने सिटी कोतवाली थाने के कैंपस में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत बनाई गई मल्टीलेवल पार्किंग की दुकानों के आवंटन को जनहित याचिका पर फैसले से बाधित रखा है। राज्य सरकार को जवाब देने के लिए दो सप्ताह का और समय दिया गया है। जनहित याचिका में दुकानों के आवंटन में आरक्षण नियमों का पालन नहीं करने का आरोप लगाया गया है।

नंदकिशोर राज व महेश दुबे ने एडवोकेट सुदीप श्रीवास्तव के जरिए हाईकोर्ट में जनहित याचिका लगाई है,



- डिवीजन बेंच ने सुनवाई दो सप्ताह के लिए आगे बढ़ा दी
- राज्य सरकार व बिलासपुर नगर निगम के अधीन संपत्ति को बेचने के लिए अधिकृत नहीं है

इसमें सिटी कोतवाली थाने के कैंपस में बनाई जा रही मल्टीलेवल पार्किंग के ग्राउंड फ्लोर में बनाई गई 46 दुकानों के आवंटन में आरक्षण के नियमों का पालन नहीं करने का आरोप लगाया गया है। इसके अलावा बताया गया है कि स्मार्ट सिटी मिशन के तहत बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड केवल एक्जीक्यूटिव एजेंसी है, यह राज्य सरकार और बिलासपुर नगर निगम के अधीन संपत्ति को बेचने के लिए अधिकृत नहीं है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की तरफ से जवाब प्रस्तुत करने के लिए दो सप्ताह के समय की मांग की गई, जिसे हाई कोर्ट ने मंजूर किया था। गुरुवार को मामले की सुनवाई के दौरान प्रकरण को दो सप्ताह के लिए और बढ़ा दिया गया। हाईकोर्ट ने दुकानों के अब तक हुए आवंटन को याचिका पर अंतिम फैसले से बाधित रखने के आदेश को जारी रखा है।

### दुकानें बनाने की योजना नहीं

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की तरफ से स्वीकार किया गया है कि पहले दुकानें बनाने की कोई योजना नहीं थी, यहां सिर्फ कार पार्किंग बनाई जा रही थी। बाद में पुलिस विभाग के लिए मकानों के निर्माण के लिए राशि की व्यवस्था करने दुकानें बनाई गईं। याचिका के साथ कार पार्किंग और दुकानों के फोटोग्राफ्स भी लगाए गए हैं। साथ ही बताया गया कि दुकानों का नक्शा पास नहीं है। कार पार्किंग में सभी वेंटीलेशन को बंद कर दिया है।

### 15 करोड़ रुपए में बेची गई हैं 27 दुकानें

ज्ञात हो कि स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 46 दुकानों को बेचने के लिए टेंडर जारी किया था, जिसमें स्मार्ट सिटी को सिर्फ 27 खरीददार मिले। 27 दुकानें 15 करोड़ में बेची गई। 19 दुकानों के लिए कोई खरीदार नहीं मिला तो स्मार्ट सिटी ने इसके लिए दोबारा टेंडर किया है। भूतल को अवैध रूप से दुकानों में परिवर्तित किया गया है। इसके कारण अग्नि दुर्घटना की स्थिति में भारी जनधन हानि की आशंका है। डिवीजन बेंच ने सुनवाई दो सप्ताह आगे बढ़ा दी है।

## बिलासपुर में हल्की बारिश में बिजली गुल

# बारिश से पहले ही नालियां जाम, शासन से जवाब मांगा

- स्वत संज्ञान में लेकर इसे जनहित याचिका के रूप में दर्ज किया गया


सफाई कराना भूला नगर निगम, सभी नाले जाम

हाईकोर्ट ने बारिश से पहले ही नालियां जाम होने और सडकें डूबने के मामले को स्वत संज्ञान में लेकर इसे जनहित याचिका के रूप में दर्ज किया है। चीफ जस्टिस ने सचिव, शहरी प्रशासन एवं विकास और आयुक्त, नगर निगम, बिलासपुर को निर्देश दिया है कि वे खराब जल निकासी व्यवस्था के कारण जल जमाव के लिए उठाए गए कदमों के संबंध में अपना व्यक्तिगत हलफनामा दायर करें। अगली सुनवाई 3 जुलाई को होगी।

ज्ञात हो कि समाचार पत्रों में लगातार इस प्रकार की खबरें आ रहीं थीं कि गली मोहल्लों की नालियां कचरे और गंदगी से भरी पड़ीं हैं। इसे हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका के रूप में स्वीकार कर सुनवाई शुरू की है। इसमें शासन को पक्षकार बनाया हया है। गुरुवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की डीबी में सुनवाई हुई। प्रतिवादियों की ओर से आरएस मरहास (अतिरिक्त महाधिवक्ता), अधिवक्ता अच्युत तिवारी और आशुतोष त्रिवेदी, उपस्थित हुए। कोर्ट कहा है कि हल्की बारिश के कारण पुराने बस स्टैंड की सड़क पर घुटनों तक पानी भर गया। नाली का पानी सड़क पर आ जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अभी मानसून की बारिश शुरू नहीं हुई है और इससे पहले ही लोगों को जलजमाव की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

### लोगों की परेशानियों पर ध्यान देना जरूरी

डीबी ने यह उल्लेख भी किया कि, हल्की बारिश के दौरान कश्यप कॉलोनी में अधूरे नाली निर्माण के कारण पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में सड़क पर जलभराव की स्थिति हो गई। पानी खाली होने में एक घंटे से अधिक का समय लग गया। कश्यप कॉलोनी में नाली निर्माण का कार्य पिछले दो माह से चल रहा है और बारिश से पहले काम पूरा नहीं होने से समस्या आ रही है। बुधवार को हुई हल्की बारिश से पुराने बस स्टैंड और राजीव प्लाजा की नालियां भी लबालब हो गईं। साथ ही होर्डिंग तेज अंधड़ में नीचे जाकर बिजली लाइन में फंस गया, जिससे और 33 केवी लाइन में फाल्ट हो गया। इसे सुधारने में काफी समय लगा। इस अवधि के दौरान, पुराने आरटीओ, व्यापार विहार और पीजीबीटी सब स्टेशन से बिजली आपूर्ति घंटों बाधित रही।

### शहर और आस पास के होर्डिंग्स की जानकारी मांगी

हाईकोर्ट ने सुनवाई कर कहा कि , उपर्युक्त स्थिति को ध्यान में रखते हुए, सचिव, शहरी प्रशासन एवं विकास, छत्तीसगढ़ राज्य और आयुक्त, नगर निगम, बिलासपुर को निर्देश दिया जाता है कि वे खराब जल निकासी व्यवस्था के कारण जल जमाव के लिए उनके द्वारा उठाए गए कदमों के संबंध में अपना व्यक्तिगत हलफनामा दायर करें। बिलासपुर शहर और इसके अलावा शहर में जो होर्डिंग लगे हैं और जिसके कारण बिजली लाइन बाधित हो गई है और बिजली की आपूर्ति नहीं होने के कारण लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, इसकी पूरी जानकारी दें।

## बिल्हा अस्पताल में अव्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे स्वास्थ्य अधिकारी

# मरीजों को रेफर करने पर लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिल्हा ब्लॉक में मातृ एवं शिशु अस्पताल से निजी अस्पताल में चल रहे रिफर को कलेक्टर अवनीश शरण से गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों को फटकार लगाई है। सीएमएचओ ने डाक्टरों की टीम बिल्हा भेजकर मामले में जांच शुरू की है।

- रंगदारी करने वाला एम्बुलेंस संचालक फरार

मातृ एवं शिशु अस्पताल में महतारियों को झांसा देकर निजी अस्पताल में भेजने के मामले में गुरूवार को कलेक्टर ने स्वास्थ्य अधिकारियों की क्लास ली और जांच के आदेश दिए। दरअसल अस्पताल में दलाल पूरी तरह से सक्रिय हैं और मरीजों को बरगलाकर निजी अस्पताल ले जाते हैं। अस्पताल परिसर के बाहर 24 घंटे निजी अस्पताल का एम्बुलेंस खड़ रहता है। गुरूवार को कलेक्टर के निर्देश के बाद सीएमएचओ द्वारा बनाई गई टीम मौके पर पहुंची, इस दौरान एम्बुलेंस खड़ा था, लेकिन चालक और परिचालक दोनों नदारद थे। जांच दल ने अस्पताल के स्टाफ का बयान लिया है। पूरे मामले में यह बात सामने आ रही है कि निजी एम्बुलेंस चालक द्वारा मरीजों को निजी अस्पताल ले जाने के लिए 108 के कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई थी, जिसके बाद ही मामला गरमाने लगा है। वहीं अस्पताल में स्टाफ की सहभागिता से इनकार भी नहीं किया जा सकता है। सीएमएचओ कार्यालय की जांच दल आगे भी कार्रवाई कर सकता है।


बिल्हा अस्पताल में निजी एम्बुलेंस का कब्जा

महतारियों को निजी अस्पताल भेजने का चल रहा खेल

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### निजी अस्पताल का लाइसेंस निरस्त होगा

जांच के लिए डाक्टरों को भेजा गया था, स्टाफ का कथन लिया गया है, लेकिन एम्बुलेंस चालक फरार था। आने वाले दिनों में दोबारा कार्रवाई हेतु भेजा जाएगा। अगर निजी अस्पताल की संलिप्ता सामने आती है तो लाइसेंस भी निरस्त किया जाएगा।

**-डॉ. प्रभात श्रीवास्तव,** सीएमएचओ

### नाली पर मलबा डालने वालों पर 20 हजार रुपए जुर्माना

निर्माणाधीन मकान का पूरा मलबा नाली में डंप कर जाम करने वाले डाक्टर के खिलाफ नगर निगम ने 10 हजार का जुर्माना किया है। जोन क्रमांक 4 अंतर्गत विनोबा नगर में डाक्टर आरपी मिश्रा द्वारा भवन निर्माण कराया जा रहा है, जिसके कंस्ट्रक्शन मटैरियल को नाली में डंप किया जा रहा था। मामले की जानकारी होने पर नगर निगम ने कड़ी कार्रवाई करते हुए डाक्टर के खिलाफ 10 हजार का जुर्माना किया गया है। वहीं जोन क्रमांक 4 अंतर्गत ही मगरपारा मार्ग में रोड पर नजर अली और नरेश मेहरचंदानी द्वारा सड़क पर मलबा डंप किया गया था, जिससे मार्ग और नाली दोनों अवरुद्ध हो रहा था उनके खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए पांच हजार का जुर्माना किया गया हैं। मगरपारा रोड में ही निर्माणाधीन भवन का भी मलबा नाली में डाला जा रहा था, जिस पर कार्रवाई करते हुए पांच हजार का जुर्माना किया गया है। सड़क और नाली पर मलबा डंप करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई के निर्देश निगम कमिश्नर अमित कुमार ने दिए हैं, जिसके तहत आगे भी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।


विनोबा नगर में नाले में मलबा पाटने से घरों में घुसा गंदा पानी

# घरवाले सोते रहे, दुकान से चोर ले उड़े 9 लाख के जेवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात दुकान बंद कर मालिक परिवार के साथ बगल के मकान में सो गए। देर रात चोर दुकान के पीछे के चैनल गेट का ताला तोड़कर 9 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर व नकद चोरी कर गए और घरवालों को भनक तक नहीं लगी। पुलिस चोरों की पतासाजी में जुट गई है।

- चकरभाठा हिर्री माइन्स चौक पर हुई वारदात

चकरभाठा पुलिस के अनुसार, हिर्री माइंस चौक निवासी पुष्पेंद्र देवांगन का तीन मंजिला मकान है। वे मकान के सबसे नीचे फ्लोर में ज्वेलरी, साइकिल, इलेक्ट्रानिक की बड़ी दुकान चलाते हैं। बुधवार की रात 8.30 बजे वे दुकान बंद कर घर के अंदर चले गए। रात 11 बजे भोजन करने के बाद वे परिवार सहित दुकान से लगे कमरे में सो गए। देर रात चोर दुकान के पीछे चैनल गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसे और दुकान के शोकेश में रखा 2 तोले सोने व 10 किलो चांदी के जेवर व गल्ले में रखा 5 हजार रुपए चोरी कर पीछे के रास्ते से भाग गए। चोरी गए जेवर की कीमत 9 लाख रुपए बताई जा रही है। गुरूवार की सुबह श्री देवांगन सोकर उठे तब चोरी की जानकारी हुई। उन्होंने चोरी की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चकरभाठा पुलिस व एसीसीयू टीम उनकी दुकान पहुंच गई। दुकान का मुआयना करने के बाद पुलिस अमला चोरों के पतासाजी में जुट गया। देर रात तक पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई थी। पुलिस ने श्री देवांगन की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



### की जा रही है पतासाजी

दुकान के पीछे के चैनल गेट का ताला तोड़कर 2 तोला सोना व 10 किलो चांदी के जेवर, 5 हजार रुपए नकद, सीसीटीवी कैमरे का तार काटकर डीवीआर चोरी कर लिया गया है। दुकान संचालक ने 9 लाख रुपए के चोरी की रिपोर्ट लिखाई है। चोरों की पतासाजी की जा रही है।

**-दामोदर मिश्रा**
चकरभाठा टीआई

### ये जेवर हुए चोरी

चांदी की 100 जोड़ी पायल, 5 जोड़ी लच्छा, 25 नग करधन, 500 जोड़ी बिछिया, 300 नग अंगूठी, 70 जोड़ी बच्चों की चूड़ी, 50 नग चेन, सिक्का 10 व 5 ग्राम का 15 नग, 200 नग लाकेट, 20 नग ब्रेसलेट, 15 नग चूड़ा, भगवान की मूर्ति, बांसुरी, 100 नग नोजपिन, पुराना जेवर डेढ़ तोला लाकेट, 2 तोले के सोने के जेवर, 5 हजार रुपए नकद।

### सीसीटीवी का तार काट दिया

एक तरफ पुलिस चोर, लुटेरे अपराधियों को पकड़ने के लिए लोगों से अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील कर रही है। इधर चोर भी होशियार हो गए हैं। श्री देवांगन की दुकान में सीसीटीवी कैमरे लगाया है। अंदर घुसते ही चोरों ने सीसीटीवी कैमरे का तार काट दिया। उसके बाद जेवर नकद के साथ सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी ले गए।

### लुटेरों का सुराग नहीं

पांच दिन पूर्व 9 जून को चकरभाठा स्थित एक रेस्टोरेंट का वेटर करण प्रधान रेस्टोरेंट बंद कर अपने दोस्त नितेश यादव, अमित पनरिया के साथ पैदल रूम लौट रहा था। चिचिरदा मोड़ के पास बाइक व स्कूटी से 4 युवकों ने तीनों पर चाकू से हमला कर तीन मोबाइल, 8 हजार रुपए नकद लूट लिया था। चार दिन बाद भी पुलिस लुटेरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### रात भर खुले रहते हैं ढाबे

चकरभाठा क्षेत्र में संचालित ढाबे रात भर गुलजार हो रहे हैं। ढाबों में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है और शराबखोरी होती रहती है। दो दिन पहले रात 2 बजे थाने के करीब काली ढाबा में गोंड़पारा के एक युवक के साथ नशेड़ी युवकों ने मारपीट की थी। पुलिस के द्वारा ढाबों में लगाम नहीं लगाने से क्षेत्र में लूट व चोरी की वारदात बढ़ रही है।

# पीएचसी में मिली एक्सपायरी दवा फार्मासिस्ट व सुपरवाइजर सस्पेंड

**बिलासपुर।** जिले के ग्रामीण अंचलों में सरकारी योजनाओं का जायजा लेने पहुंचें कलेक्टर को पीएचसी के दवा वितरण कक्ष में एक्सपायरी दवा मिली, जिसके बाद कलेक्टर ने फार्मासिस्ट और सेक्टर सुपरवाइजर को सस्पेंड कर दिया है। लापरवाही बरतने पर ग्रामीण चिकित्सा सहायक का एक इंक्रीमेंट रोकने के निर्देश भी दिया गया है।

- कलेक्टर की कार्रवाई, ग्रामीण चिकित्सा सहायक का इंक्रीमेंट रोका

कलेक्टर अवनीश शरण 13 जून को कोटा के शिवतराई में पीएम जनमन योजना की समीक्षा कर रहे थे, उन्होंने गुरूवार को करगीकला और पीपरतराई का दौरा किया। जहां स्वास्थ्य केंद्र और खाद बीज वितरण सोसायटी का निरीक्षण किया। इस दौरान करगीकला पीएचसी के दवा वितरण कक्ष में एक्सपायरी दवा मिलने पर फार्मासिस्ट मुकेश पोर्ते और सेक्टर सुपरवाइजर को सस्पेंड कर दिया है। वहीं लापरवाही बरतने पर ग्रामीण चिकित्सा सहायक का एक इंक्रीमेंट रोकने के निर्देश भी दिया है।

### सोसायटी में भंडारण वितरण का लिया जायजा

कलेक्टर अवनीश शरण गुरुवार को करगीखुर्द और पीपरतराई सोसायटी पहुंचे। यहां उन्होंने किसानों से चर्चा कर खाद बीज की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि खाद बीज का अग्रिम उठाव कर लें। कलेक्टर ने समिति प्रबंधक को भी हिदायत दी कि किसानों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए। उन्हें पीने के लिए पानी सहित अन्य सुविधा मुहैया की जाए।

## डीजीसीए के अप्रुवल का इंतजार, नेविगेशन सिस्टम में होगा बदलाव

# आरएनपी एप्रोच के जरिए टेकऑफ-लैंडिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चकरभाठा स्थित बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट पर गुरूवार को उड़ान परीक्षण किया गया, इस दौरान आरएनपी एप्रोच सिस्टम के अंतर्गत लाइन डाइग्राम के जरिए उड़ान भरी गई और फ्लाइट को लैंड कराया गया। इस दौरान उड़ान परीक्षण पूरी तरह से सफल साबित हुआ। अब अलायंस एयर इस सिस्टम को लेकर अनुमोदन का इंतजार कर रहा है।

बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट में आरएनपी एप्रोच सिस्टम से उड़ान परीक्षण को अंजाम दिया गया, इस दौरान अलायंस एयर की फ्लाइट ने 6 रूट से लाइन डाइग्राम के जरिए पहले उड़ान भरी और दोबारा लैंड कराकर इसे सफल सिद्ध कर दिया है। बताया जा रहा है कि इस एप्रोच सिस्टम के जरिए हवा की गति, रूट डायर्वसन, रनवे की लेंथ, तापमान में नियंत्रण जैसे कई अहम चीजों पर गौर किया गया, इस दौरान फ्लाइट ने 12.01 मिनट पर रनवे से टेकऑफ किया और प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद दोपहर 12.37 को रनवे पर लैंड कर सका। एयरपोर्ट के अधिकारियों का कहना है कि अलायंस एयर के मुख्यालय द्वारा डीजीसीए के ईजीसीए पोर्टल में इसके फोटो ग्राफ और लाइन डाइग्राम को अपलोड किया जाएगा, जिसके बाद डायरेक्टर जनरल आफ सिविल एविएशन इस एप्रोच पर अनुमोदन दे सकता है। अधिकारी इसी एप्रोच से नाइट लैंडिंग का रास्ता भी साफ होने की बात कह रहे हैं।




### आईएलएस नेविगेशन से एयरपोर्ट अब भी दूर

उन्नत एयरपोर्ट में ज्यादातर आईएलएस नेविगेशन से फ्लाइट की लैंडिग और टेकऑफ कराया जाता है, जिसमें पायलेट को वर्टिकल और हॉरिजोटल तरीके से फ्लाइट चलाना पड़ता है, यह पूरी तरह से अत्याधुनिक और सिस्टम बेस तकनीक होती है, जिसमें ह्यमून एरर होने की संभावना नहीं होती है और इस सिस्टम में मौसम के खराब होने का प्रभाव भी टेकऑफ और लैंडिंग पर नहीं पड़ता है, जबकि आरएनपी एप्रोच में मौसम खराब होने का फर्क पड़ता है और कई बार फ्लाइट के परिचालन को रोकना भी पड़ जाता है।

### प्रक्रिया आगे बढ़ेगी

हमने आरपीएन एप्रोच के जरिए सफलतापूर्वक उड़ान भरी है, जिसकी जानकारी डीजीसीए को दी जाएगी। इसके बाद ही नाइट लैंडिंग की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

**-एन बी सिंह,** डायरेक्टर, एयरपोर्ट

# कोटवारी जमीन की अवैध बिक्री दोषी कोटवार बर्खास्त

**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण ने प्रतिबंध के बावजूद अवैध तरीके से कोटवारी जमीन विक्रय मामले पर कार्रवाई की है। उन्होंने कोटवार को सेवा से बर्खास्त करने के साथ ही जमीन फिर से शासन के पक्ष में दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। मामला जिला मुख्यालय से लगे ग्राम सेमरताल का है।

- बेची गई जमीन शासन के पक्ष में फिर से दर्ज कराई जाएगी

ग्राम सेमरताल के सरपंच द्वारा कलेक्टर बिलासपुर अवनीश कुमार शरण को लिखित में यह सूचना दी गई थी कि सेमरताल के कोटवार परमेश्वर दास मानिकपुरी ने ग्राम सेमरताल महल नंबर 1 के खसरा नंबर 532 एवं 553 की कोटवारी भूमि को छलपूर्वक विक्रय किया है। जबकि शासन के निर्देशानुसार कोटवारी भूमि के विक्रय पर प्रतिबंध लगा हुआ है। एसडीएम पीयूष तिवारी ने नायब तहसीलदार राहुल शर्मा को तत्काल प्रकरण में जांच करने का आदेश दिया। जांच में शिकायत सही पाई गई। ग्राम कोटवार सेमरताल परमेश्वर दास मानिकपुरी नोटिस भी जारी किया गया। जवाब संतोष जनक नहीं होने तथा ग्राम कोटवार की कोटवारी भूमि का अवैध विक्रय किए जाने पर कोटवार की संदिग्ध भूमिका होने पर कोटवार को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। साथ ही संबंधित जमीन शासन के पक्ष में दर्ज किए जाने का आदेश पारित किया गया है।

### प्रत्येक कोटवारी भूमि की होगी जांच

वर्तमान में कलेक्टर बिलासपुर अवनीश कुमार शरण ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों तथा तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को निर्देश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि प्रत्येक ग्राम के कोटवारी भूमि की जांच की जाए। साथ ही यदि ऐसी स्थिति पाई जाती है कि किसी भी ग्राम में अवैध तरीके से कोटवारी भूमि की खरीदी बिक्री की गई है तो उस पर संज्ञान लेकर उसकी जांच की जाए तथा विधिवत कार्रवाई की जाए।

## खबर संक्षेप

### अग्रवाल महिला समिति ने की तीज त्यौहार पर चर्चा, खेल का लिया आनंद



**बिलासपुर।** अग्रवाल महिला समिति द्वारा जूनी लाइन स्थित अग्रसेन भवन में 12 जून को तीज त्यौहार मनाने के लिए बैठक आयोजित की गई। इसमें समिति की अध्यक्ष ममता अग्रवाल ने आगामी अग्रसेन जयंती के प्रोग्राम को लेकर भी चर्चा की। बैठक में समय पर आने वाली सदस्य सरिता सजन व आशा अग्रवाल रही। वहीं लकी गेम की विजेता ज्योति अग्रवाल व सुषमा चौधरी रही। कार्यक्रम में अध्यक्ष ममता अग्रवाल, सचिव वंदना जाजोदिया, रेखा,सरिता, प्रियंका, श्वेता, मधु, सीखा, सरोज आदि मौजूद थीं। ममता अग्रवाल ने आभार प्रकट किया।

### पूर्व मंत्री पटेल ने महेश दुबे की माता को दी श्रद्धांजलि



**बिलासपुर।** छग शासन के पूर्व मंत्री खरसिया विधायक उमेश पटेल अपने अल्प प्रवास पर बिलासपुर में कांग्रेस पदाधिकारी एवं अपने समर्थकों से मुलाकात की। इस दौरान श्री पटेल महेश दुबे के निवास पहुंचकर उनकी स्व. माता को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव विवेक बाजपेई, पूर्व मंडी अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला, बंटी गुप्ता सहित कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद थे। श्री पटेल ने वहां उपस्थित कांग्रेस नेताओं से बिलासपुर लोकसभा चुनाव एवं देश के चुनाव की परिस्थितियों पर चर्चा की। फिर छत्तीसगढ़ भवन में कांग्रेस नेताओं से मुलाकात कर रायपुर रवाना हो गए।

### पीएम जनमन योजना का लाभ दिलाने मिशन मोड में करें काम




**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण ने गुरुवार को कोटा ब्लॉक के ग्राम शिवतराई में जिला व ब्लॉक स्तरीय अफसरों की बैठक लेकर पीएम जनमन योजना की समीक्षा की। उन्होंने इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पीव्हीटीजी को योजना से जोड़कर सेचुरेशन लेवल हासिल करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पीएम जनमन योजना के लक्ष्य को पाने पूरी तन्मयता से काम करें। कलेक्टर ने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों और उनकी बसाहटों का संपूर्ण विकास करना ही इस योजना का लक्ष्य है। बैठक में बताया गया कि योजना के तहत पक्के मकान के लिए 292 हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि जारी की गई है। कलेक्टर ने स्वीकृत सभी कामों को तत्काल शुरू करवाकर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि काम पूरी गुणवत्ता के साथ किया जाए। समय पर सभी किश्त जारी हो। कलेक्टर ने हर बसाहट में हर पखवाड़े मोबाइल मेडिकल यूनिट भेजने के निर्देश दिए। 4 हजार 198 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बना लिया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि बचे हुए लोगो का भी जल्द आयुष्मान कार्ड बनाएं। कलेक्टर ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजली की सुविधा से एक भी परिवार वंचित न रहे।

### एसपी सिंह ने पचपेड़ी थाने का किया औचक निरीक्षण



**बिलासपुर।** गुरुवार को एसपी रजनेश सिंह पचपेड़ी थाने का औचक निरीक्षण करने पहुंच गए। उन्होंने थाना भवन का निरीक्षण करने के बाद टीआई एवं स्टाफ को सूचनातंत्र मजबूत करने, बीट के माध्यम से काम करने, दुष्कर्म के मामले में 2 आरोपियों को पकड़ने पर शाबाशी दी। उन्होंने 1 जुलाई से लागू होने वाले नए कानून के संबंध में सभी को अच्छे से पढ़ने की बात कही और उसके आधार पर जांच कर कार्रवाई करने का आदेश दिया है। श्री सिंह ने थाना के बाजू में नए थाना भवन के लिए एलाट शासकीय जमीन का निरीक्षण किया है। इसके अलावा उन्होंने दो गांवों में जाकर चेतना के संबंध में लोगों की जानकारी देकर जागरूक किया है। इस दौरान एडीशनल एसपी ग्रामीण अर्चना झा, टीआई व स्टाफ मौजूद थे।

### सुषमा पंड्या राज्य स्तरीय शिक्षा शिक्षक सम्मान से सम्मानित



**बिलासपुर।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ दुर्ग द्वारा 'राज्य स्तरीय शिक्षा शिक्षक सम्मान 2024' शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह 24 का आयोजन रायपुर में किया गया। इसमें उत्कृष्ट शिक्षा, साहित्य एवं समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ सुषमा पंड्या को शिक्षा शिक्षक सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि डॉ पंड्या सेवानिवृत्ति के बाद भी अपनी सेवाएं निस्वार्थ भाव से समाज को अर्पित कर रही है।

---

**निगम में नए कार्यों की लगी झड़ी** | पन्द्रहवें वित्त व अधोसंरचना मद से होंगे काम, सीसी रोड, नाली, स्ट्रीट लाइट के काम शामिल

# लोकसभा चुनाव निपटते ही निगम में 20 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोकसभा चुनाव निपटते ही नगर निगम में स्वीकृत कार्यों की झड़ी लग गई है। नगर निगम द्वारा पन्द्रहवें वित्त व अधोसंरचना मद से लगभग 20 करोड़ के कार्यों को स्वीकृति दी गई है। इसमें पहुंच मार्ग के लिए सीसी रोड, नाला, नाली, स्ट्रीट लाइट, सड़क चौड़ीकरण बीटी कार्य आदि शामिल हैं।

- लगभग 50 नए कार्यों की मिली मंजूरी

लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता के चलते नगर निगम सीमा क्षेत्र में नए कार्य रूके हुए थे और नए कार्यों की स्वीकृति भी नहीं हो पा रही थी। करीब तीन माह तक पुराने रनिंग काम ही चल रहे थे, लेकिन लोकसभा चुनाव निपटने और आचार संहिता हटते ही निगम में नए कार्यों की झड़ी सी लग गई है। इनमें कुछ के टेंडर हो गए हैं और वर्क आर्डर जारी होना बाकी था तथा कुछ कार्य के टेंडर लग रहे हैं। पन्द्रहवें वित्त और अधोसंरचना मद से लगभग 20 करोड़ रुपए के कार्यों की स्वीकृति दी गई है। पन्द्रहवें वित्त अंतर्गत भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश का पालन करते हुए निर्माण कार्य अनटाईड ग्रांड अंतर्गत स्वीकृति दी गई है। पन्द्रहवें वित्त आयोग अंतर्गत मूलभूत सेवाओं के लिए जो राशि जारी की गई है, उसके तहत नाली निर्माण, सीसी रोड आदि 27 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इसी तरह अधोसंरचना मद से 23 कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें स्ट्रीट लाइट, सीसी रोड, सड़क चौड़ीकरण, आरसीसी नाली, बीटी कार्य आदि शामिल हैं।

## कुछ कार्यों की मंजूरी, कुछ कामों के हुए टेंडर, वर्क ऑर्डर हो रहे जारी

### अधोसंरचना मद से 10 करोड़ के कार्य

अधोसंरचना मद से नगर निगम में 9 करोड़ 99 लाख 90 हजार रुपए के कार्य स्वीकृत हुए हैं। इसमें वार्ड 13 में धुरीपारा में स्ट्रीट लाईट, महर्षि स्कूल रोड में स्ट्रीट लाइट, वार्ड 15 मेन रोड में स्ट्रीट लाइट, वार्ड 47 शारदा विहार पहुंच मार्ग से नाला, सीसी रोड निर्माण, वार्ड 47 में नाला, सीसी रोड, वार्ड 51 में ऊर्जा पार्क मुख्य मार्ग से बसंत वितार दयालबंद मुख्य मार्ग स्ट्रीट लाइट, सड़क चौड़करण एवं बीटी कार्य, वार्ड 52 में अपोलो चौक से दयालबंद तक स्ट्रीट लाइट पोल, वार्ड 53 अपोलो चौक से मानषी लॉज तक सड़क चौड़ीकरण एवं बीटी कार्य, वार्ड 54 व 55 में चिंगराजपारा स्कूल से अंजनी विहार बीटी सड़क, स्ट्रीट लाईट, वार्ड 56रामायण चौक से रपटा तक आरसीसी नाली निर्माण एवं बीटी कार्य, वार्ड 64 गैस गोदाम से बिरकोना रोड तक स्ट्रीट लाईट, एसआरएम सेंटर पहुंच मार्ग, वार्ड 66 हनु टेडर्स से माताचौरा से शिवघाट तक बीटी कार्य शामिल है।




### पन्द्रहवें वित्त से 10 करोड़ के काम

नगर निगम सीमा क्षेत्र में पन्द्रहवें वित्त से 8 करोड़ 90 लाख 84 हजार राशि के कार्य स्वीकृत हुए हैं। इसमें वार्ड 14 गंगानगर में सीसी सड़क, नाली निर्माण, वार्ड 23 रूखमणि विहार में आरसीसी नाली निर्माण, रोहणी विहार आरसीसी नाली निर्माण कार्य, एकता कालोनी में आरसीसी नाली निर्माण कार्य, वार्ड 30 नीलकंठ होटल से कल्वर्ट तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य, वार्ड 46 राम मंदिर से पानी टंकी तक आरसीसी नाली निर्माण, वार्ड 48 सुंदरनगर से नहर रोड से सड़क व नाली निर्माण, वार्ड 58 मेन रोड शिवम विहार से सीपीडीआई कालोनी तक सीसी रोड निर्माण, वार्ड 67 लक्ष्मी निवास से मेन रोड तक आरसीसी नाली निर्माण शामिल है।

### शुरू किए जा रहे कार्य

लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता के चलते नए कार्य शुरू नहीं हो पाए थे। अब आचार संहिता हट गई है और अधोसंरचना मद, पन्द्रहवें वित्त से लगभग 20 करोड़ के कार्य चालू होने जा रहे हैं। इसमें कुछ कार्यों की स्वीकृति, टेंडर प्रक्रिया हो गई है और वर्क आर्डर दिए जा रहे हैं और कुछ के टेंडर लगाए जा रहे हैं।

**-अमित कुमार,** कमिश्नर, नगर निगम

---

प्रदेश में लागू होने जा रही नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, कालेजों में 6-6 माह में होंगे एग्जाम

# यूजी की पढ़ाई भी सेमेस्टर सिस्टम से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेशभर के कालेजों में इस नए शिक्षा सत्र से यूजी की पढ़ाई भी सेमेस्टर सिस्टम से होगी और 6-6 माह में परीक्षा आयोजित होगी। उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ के सभी यूनिवर्सिटी व कालेजों में इस सत्र से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने जा रही है, जिससे कालेजों में सालभर में एक बार वार्षिक परीक्षा का सिस्टम बंद हो जाएगा।

इस नए शिक्षा सत्र से छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी यूनिवर्सिटी, कालेजों में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की जा रही है। नई शिक्षा नीति को लेकर उच्च शिक्षा विभाग समेत प्रदेश के सभी यूनिवर्सिटी जोरशोर से तैयारियों में लगे हुए हैं। नई शिक्षा नीति को लेकर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा यूनिवर्सिटी स्तर पर कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है और कालेजों के प्राचार्यों व प्राध्यापकों को उसकी जानकारी दी जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने से पूरा हायर एजुकेशन सिस्टम बदलने जा रहा है। यहां तक अभी तक कालेजों में परीक्षा की जो वार्षिक व्यवस्था थी वह भी बदल जाएगी। सालभर में अभी एक बार वार्षिक परीक्षा होती थी, किन्तु नई व्यवस्था तहत हर 6-6 माह में परीक्षा आयोजित की जाएगी। कालेजों में पूरी तरह से सेमेस्टर सिस्टम लागू हो जाएगा और सेमेस्टर सिस्टम तहत ही अध्ययन-अध्यापन कार्य होगा।

### फोकस स्किल डेवलपमेंट, स्किल लर्निंग पर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पढ़ाई का पूरा फोकस स्किल डेवलपमेंट, स्किल लर्निंग पर दिया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य है कि कालेज की पढ़ाई करने के बाद छात्र-छात्राएं स्टार्टअप की तरफ भी बेहिचक आगे बढ़ सकें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति तहत राज्यभर के सभी यूनिवर्सिटी में समान सिलेबस तैयार किया गया है। वर्तमान में जो कालेजों में शिक्षा व्यवस्था है उसमें स्किल डेवलपमेंट, स्किल लर्निंग पर ध्यान नहीं दिया गया था।

### केवल पीजी में था सेमेस्टर

अभी तक स्नातक स्तर के अंडर ग्रेजुएशन पाठयक्रमों में फर्स्ट ईयर से लेकर सेकंड ईयर व फाइनल ईयर में वार्षिक परीक्षा व्यवस्था थी और सालभर पढ़ाई के बाद एक बार परीक्षा होती थी, लेकिन स्नातकोत्तर पीजी पाठयक्रमों में कुछ साल पहले ही सेमेस्टर सिस्टम लागू हो गया था और पीजी में सेमेस्टर के आधार पर 6-6 माह में परीक्षा होती है। नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद अब स्नातक पाठयक्रमों में भी सेमेस्टर सिस्टम शुरू हो जाएगा।

### एनईटी में चार वर्षीय कोर्सेस

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत स्नातक का पाठयक्रम चार साल का होगा। पहले साल की पढ़ाई के बाद विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट, दूसरे साल में डिप्लोमा, तीसरे साल में स्नातक की डिग्री एवं चौथे साल आनर्स प्रदान किया जाएगा। आनर्स की डिग्री हासिल करने वाले विद्यार्थी स्नातकोत्तर की पढ़ाई किए बिना शोध कार्य प्रारंभ कर सकेंगे। बीच में पढ़ाई बाधित होने पर विद्यार्थी अपने क्रेडिट के आधार पर दोबारा फिर से प्रवेश लेकर आगे की पढ़ाई कर सकेंगे।

### चल रही है तैयारी

इस सत्र से पूरे छत्तीसगढ़ में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने जा रही है। इसमें काफी बदलाव हो रहा है और कालेजों में पढ़ाई से लेकर परीक्षा सेमेस्टर सिस्टम से होगी। नई शिक्षा नीति लागू करने को लेकर उच्च शिक्षा विभाग की तैयारी चल रही है।

**-शैलेन्द्र दुबे,** रजिस्ट्रार, एयू

### होने जा रहा है परिवर्तन

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने से हायर एजुकेशन सिस्टम में काफी परिवर्तन हो रहा है। इसमें कालेजों में पूरा सेमेस्टर सिस्टम होने जा रहा है और अब हर 6-6 माह में कालेजों में एग्जाम होंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है और ट्रेंड टीचर्स, मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके बाद छात्र-छात्राओं को भी नई शिक्षा नीति के संबंध में मोटिवेट किया जाएगा।

**-डॉ. जीए घनश्याम**
नोडल अधिकारी,
उच्च शिक्षा विभाग

---

पॉलिटिक्स प्लस

## केंद्रीय मंत्री साहू का चेंबर सहित विभिन्न संगठन करेंगे स्वागत



**बिलासपुर।** सांसद तोखन साहू के केंद्रीय मंत्री बनने के बाद 16 जून को प्रथम नगर आगमन पर हो रहा है। उनके मंत्री बनने के बाद पहली बार नगर आगमन पर सामाजिक व राजनैतिक संगठनों से स्वागत करने की अपील की गई है। संभागीय चेंबर आफ कामर्स के महासचिव बेनी गुप्ता ने बताया कि आजादी के बाद बिलासपुर के सांसद तोखन साहू को केंद्र सरकार में मंत्री बनाया गया है। इससे छत्तीसगढ़ के साथ ही बिलासपुर के सभी नागरिकों में हर्ष व्याप्त है। सभी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। श्री गुप्ता ने बताया कि मंत्री बनने के बाद सांसद श्री साहू रविवार 16 जून को रायपुर होते हुए ट्रेन से बिलासपुर पहुंचेंगे। इस अवसर पर संभागीय चेंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष राम अवतार अग्रवाल, छग लघु एवं सहायक उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया, जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष अनिल सलूजा, बिलासपुर मर्चेन्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद मेघानी, थोक कपड़ा व्यापारी संघ के अध्यक्ष अमर जीत सिंह टुटेजा, तेलीपारा अध्यक्ष गणेश अग्रवाल, सराफा के राजू सलूजा, राजकुमार केडिया, कैलाश गुप्ता, गोल बाजार से सुधीर खंडेलवाल, सुनील सोंथलिया सहित बेनी गुप्ता, भोलाराम मित्तल, जय प्रकाश मित्तल, किशोर पंजवानी सहित सभी उद्योग पतियों व व्यापारियों ने श्री साहू के प्रथम बार बिलासपुर आगमन पर स्वागत करने की अपील की है। दवा संगठन के मूर्तजा वनक, हरजीत सिंह सलूजा, महेश अग्रवाल ने भी स्वागत का आग्रह किया है।

## तोखन साहू के स्वागत की तैयारी में जुटे कार्यकर्ता

- तोखन साहू का केंद्रीय मंत्री बनने के बाद प्रथम नगर आगमन 16 को



**बिलासपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री बनने के बाद तोखन साहू का छत्तीसगढ़ में प्रथम आगमन 15 जून को हो रहा है। वे दिल्ली से फ्लाइट से रायपुर एयरपोर्ट 15 जून शनिवार दोपहर 2 बजे पहुंचेंगे। वे 15 जून को रायपुर में लोगों से मुलाकात करेंगे।

16 जून रविवार को श्री साहू अपने लोकसभा क्षेत्र बिलासपुर के लिए राजधानी ट्रेन से रवाना होकर सुबह 11.30 बजे बिलासपुर पहुंचेंगे। श्री साहू छत्तीसगढ़ से एकमात्र केंद्रीय मंत्री हैं। उन्हें आवास और शहरी विकास राज्य मंत्री का पद दिया गया है। उन्होंने मंत्री की शपथ लेते ही ताबड़तोड़ बैठक शुरू कर दी है। वे छत्तीसगढ़ के विकास का रोड मैप तैयार करने में जुड़ गए हैं। उन्होंने कहा है छत्तीसगढ़ का और देश का विकास करना उनकी पहली प्राथमिकता है। वह मोदी के सपनों को साकार करने में रात दिन लगे हुए हैं। श्री साहू के प्रथम आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी ने उनके शानदार आगमन स्वागत की तैयारी शुरू कर दी हैं।

---

## बीमा कंपनियों के क्लेम मामलों का लोक अदालत से होगा निराकरण

- बीमा क्लेम से संबंधित ऐसे मामले जिसमें समझौते की संभावना हो की मांगी सूची



**बिलासपुर।** आगामी नेशनल लोक अदालत 13 जुलाई को आयोजित किया जा रहा है। इसमें मोटर यान सड़क दुर्घटना से संबंधित बीमा क्लेम के प्रकरणों को समझौते के आधार पर निराकरण करने के संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश नीता यादव के निर्देश पर गुरुवार को जिला न्यायालय के सभागार में न्यायिक और बीमा कंपनी के अधिकारियों एवं पैनल अधिवक्ताओं की बैठक हुई। बैठक में अपर सत्र न्यायाधीश अविनाश कुमार त्रिपाठी ने बीमा कंपनी के अधिकारियों को बीमा क्लेम से संबंधित ऐसे मामले जिसमें समझौते की संभावना है, इसकी सूची तैयार कर यथाशीघ्र न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ताकि उन मामलों में हितबद्ध पक्षकारों को समय पर नेशनल लोक अदालत की नोटिस जारी किया जा सके। अपर सत्र न्यायाधीश ओम प्रकाश जायसवाल ने बीमा कंपनी के अफसरों से कहा कि जिन मामलों में बीमा पॉलिसी की शर्तों का उल्लंघन नहीं हुआ है, उनको भी लोक अदालत में निराकरण करने चिन्हांकित किया जा सकता है। प्रधान जिला न्यायाधीश नीता यादव ने कहा कि नेशनल लोक अदालत न्यायालयों में लंबित मोटर यान सड़क दुर्घटना संबंधी बीमा प्रकरणों के शीघ्र निराकरण का सबसे सस्ता, सुलभ और कारगर माध्यम है। इससे न केवल बीमा कंपनी तथा सड़क दुर्घटना में मृतक के वारिसों अथवा न्यायालय में लंबित मामलों के तेजी से निराकरण में मदद मिलती है।
बैठक में अपर सत्र न्यायाधीश अविनाश कुमार त्रिपाठी, ओम प्रकाश जायसवाल, संतोष कुमार महोबिया, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राकेश सिंह सोरी, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के प्रबंधक आकाश सरकार, रवि रंजन गिरी, ओरिएंटेल इंश्योरेंस कंपनी के अधिवक्ता राजकुमार सलुजा, श्रीराम इंश्योरेंस के अधिवक्ता अवनीश दीवान, चोला मंडलम इंश्योरेंस के अधिवक्ता दिनेश प्रसाद, न्यू इंडिया इंश्योरेंस के अधिवक्ता मनोज अग्रवाल, बजाज एलायंस इंश्योरेंस के अधिवक्ता आकाश गुप्ता, टाटा एआईजी बीमा कंपनी के अधिवक्ता यूके साहू सहित विभिन्न बीमा कंपनियों के अधिकारी एवं पैनल अधिवक्ता मौजूद थे।

## डीएपी की जगह एसएसपी की मांग किसानों में दिखने लगा रूझान

**बिलासपुर।** पहली बारिश के साथ ही जिले में सिंगल सुपर फास्फेट की डिमांड बढ़ने लगी है, डीएपी से बेहतर रिजल्ट देने के चलते कृषि अधिकारी भी इस लेकर किसानों को बीच जा रहे है, यह किसानों के लिए किफायती और फसल के लिए बेहतर साबित हो सकता है।

जिले सहित राज्य में 15 जून के पहले खाद और बीज के अग्रिम उठाव को बढ़ावा देने की पहले कृषि विभाग द्वारा जारी है, लेकिन इसके साथ ही किसानों में मानसून के पूर्व आगमन की सूचना मिलते ही खरीफ की तैयारी जोर पकड़ने लगी है। इस बार कृषि अधिकारी एसएसपी को बढ़ावा देने की बात कह रहे हैं। दरअसल कीमत में कम होने के बाद भी इस खाद की मांग लगातार बढ़ रही है, किसान इसे खरीद भी रहे हैं, दरअलस डीएपी जहां विदेशों से आयातित किए जाते हैं, वहीं एसएसपी का निर्माण देश में ही आसानी से किया जाता है और इसकी उर्वरक क्षमता अन्य खाद की अपेक्षा अधिक होती है। अधिकारियों का कहना है कि पिछले साल डीएपी का उठाव 7 हजार टन है, वहीं एसएसपी का उठाव 10 हजार टन से अधिक था, वहीं एसएसपी में थोड़े से अन्य खाद डालने से किसानों को बेहतर रिजल्ट प्राप्त होता है और मानकों के अनुसार एसएसपी सुपर खाद की श्रेणी में रखा जाता है।

| पोषक तत्व | एसएसपी | डीएपी |
|---|---|---|
| फास्फोरस | 16 फीसदी | 46% |
| सल्फर | 10 फीसदी | शून्य |
| कैल्शियम | 12 फीसदी | शून्य |
| सुक्ष्म तत्व | लगभग | 2.5%l |
| नाइट्रोजन | 0 | 16 % |

### लगाई गई है ड्यूटी

कृषि साख सहकारी समितियों में खाद और बीज के उठाव के लिए कृषि विभाग और राजस्व अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और प्रबंधकों को छुट्टी के दिनों में भी समिति में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है। वहीं नोडल अधिकारियों को लगातार मॉनिटरिंग करने के लिए भी आदेश दिया गया है।

### खरीफ की तैयारी शुरू

जिले में खरीफ की तैयारी शुरू हो चुकी है, समितियों को खाद और बीज का भंडारण रखने की हिदायत दी गई है, इस बार किसानों का रूझान एसएसपी खाद की ओर ज्यादा है। यह उनके लिए बेहतर साबित होगा, मानकों में भी इसे सुपर खाद का दर्जा प्राप्त है।

**-अनिल कौशिक,**
सहायक संचालक, कृषि

## अशासकीय संचालक सेवा संगठन 15 को करेगा शिक्षकों का सम्मान

बिलासपुर। अशासकीय संचालक सेवा संगठन (संभाग) द्वारा 15 जून को लखीराम सभा भवन में शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। संगठन के संभाग अध्यक्ष मोहन गुप्ता ने बताया कि इस समारोह में प्राचार्य-संचालक के साथ सभी स्कूलों के शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। इस दौरान शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर संगोष्ठी होगी। कार्यक्रम के संयोजक डा. सचिन यादव व डा गिरिराज गढ़ेवाल ने बताया कि हमारे शिक्षक छात्रों व विद्यालय के लिए हमेशा समर्पित रहते हैं। वे बहुत प्रयास करते हैं स्कूल को आगे ले जाने में, छात्रों व अभिभावकों के बीच सामंजस्य बनाने का प्रयास करते हैं। एक शिक्षक ही है जो राष्ट्र निर्माता है, हम राष्ट्र निर्माता का सम्मान करना चाहते हैं।

---

सीवीआरयू में दो दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन

# हम प्रकृति के उपासक व साधक हैं, उपभोक्ता नहीं : प्रो. बाजपेई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर


डा. सीवी रमन विवि में सोशयो इकोनॉमिक, इकोलॉजिकल एंड कल्चरल एस्पेक्ट्स ऑफ प्लानिंग एंड मैनेजमेंट ऑफ रिवर्स विषय पर 12 जून से दो दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया।

दो दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस में भारत के अलावा यूके व नेपाल से भी विद्वान वक्ताओं ने भारत और छत्तीसगढ़ की नदियों के संरक्षण व संवर्धन के लिए जोर दिया। यह आयोजन सामाजिक विज्ञान विभाग (भूगोल), आइक्यूएसी और जीडीसी द्वारा आयोजित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अटल बिहारी वाजपेई विवि के कुलपति प्रो. एडीएन वाजपेई ने कहा कि नदी को हम जीवन धारा कहते हैं, नदियों की श्रृंखला ही भारत की पहचान है। उन्होंने कहा कि नदियों को बचाने के लिए हमें बड़ा प्रयास करना होगा। भूगोल की भौतिकवादी दृष्टि में आध्यात्मिक दृष्टि की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उपभोग की शैली ऐसी बनाएं जिससे आने वाली पीढ़ी के लिए भी बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि शास्त्रों में कहा गया है कि हम प्रकृति के उपासक हैं, साधक हैं, उपभोक्ता नहीं।

प्रकृति पर विजय प्राप्त करना विज्ञान हो सकता है, हम हमारा उद्देश्य विजय प्राप्त करना नहीं होना चाहिए। नदियों को बचाने के लिए उन्हें सम्मान देना होगा क्योंकि जिसे हम सम्मान देते हैं उसका शोषण कभी नहीं करते।

### संस्कृति व सभ्यता को बचाने के लिए नदियों को बचना होगा : प्रो. दुबे



डा. सीवी रमन विवि के कुलपति प्रो. रवि प्रकाश दुबे ने कहा कि नदियों के किनारे ही पल्लवित होती हैं संस्कृति व सभ्यताएं। जब नदियां खत्म हो जाएंगी, तब संस्कृति और सभ्यता भी खत्म हो जाएगी। इसलिए हमें अपनी संस्कृति व सभ्यता को बचाने के लिए इन नदियों को भी बचना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है, जिससे समस्याओं को समझ कर उसका समाधान निकाल सकते हैं। इसलिए शिक्षण संस्थानों की जिम्मेवारी भी सबसे अधिक है। इस कॉन्फ्रेंस से नदियों के संरक्षण संवर्धन की दिशा में मंथन हुआ और अनेक सुझाव भी आए हैं। जिसकी रिपोर्ट छत्तीसगढ़ शासन के साथ-साथ केंद्र सरकार को भेजी जाएगी। इससे हम एक नई ऊर्जा के साथ अपने गांव शहर और देश की नदियों को साफ और शुद्ध रखने की दिशा में काम कर सकेंगे। आर्टस डीन प्रो. वेद प्रकाश मिश्रा, प्रो काजल मोइत्रा, प्रो डीडी कश्यप ने कहा कि नदियों का संरक्षण आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन डा. ज्योति बाला गुप्ता ने व आभार प्रकट डा. कावेरी दाभड़कर ने किया।

### इन विद्वानों ने किया विचार मंथन

दो दिवसीय इस इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में डा. लक्ष्मी व्यास प्रेसिडेंट हिंदू फोरम ऑफ यूरोप और यूकेई ईसीसी एंड वूमेंस फेथ लीडर, प्रो. उमेश कुमार त्रिभुवन विश्वविद्यालय नेपाल, प्रो. देवेंद्र प्रसाद सिंह पटना बिहार, डा. राम भूषण तिवारी डिपार्मेंट आफ ज्योग्राफी, इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल सेंट्रल यूनिवर्सिटी अमरकंटक मध्य प्रदेश, प्रो. पीएल चंद्राकर उप प्राचार्य सीएमडी महाविद्यालय, बिलासा कन्या महाविद्यालय के प्रो एस आर कमलेश, डीडी कश्यप ने अपने विचार रखें।

### खेल पुरस्कार के लिए आवेदन 30 जून तक

**बिलासपुर।** शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह, शहीद पंकज विक्रम सम्मान एवं शहीद विनोद चौबे सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी, नगद राशि, प्रेरणा निधि, डाइट मनी वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 के लिए आवेदन 30 जून तक मंगाए गए हैं। सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाडि़यों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को खेल पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। यह पुरस्कार राज्य के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को दिए जाते हैं। जिन खिलाड़ियों ने सब-जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया है, वे 30 जून तक रायपुर में अपना आवेदन जमा कर सकेंगे।





2 हम प्रकृति के उपासक व साधक हैं, उपभोक्ता नहीं : प्रो. बाजपेई


**आयोजन**

## सर्व ब्राह्मण समाज के अधिवेशन में राज्यों के विप्र बंधुओं ने लिया हिस्सा



**आर्यावर्त संगठन की प्रदेश अध्यक्ष ने दिया एकता पर बल**

**बिलासपुर।** ग्राम लोखंडी में सर्व ब्राह्मण समाज का अधिवेशन आयोजित किया गया। इसमें देश के विभिन्न राज्यों से समाज के पदाधिकारी एवं विप्र बंधुओं ने भाग लिया। नवनिर्मित कान्यकुब्ज भवन लगभग साढ़े तीन करोड़ की लागत से बीके पांडेय के अथक प्रयास से साकार रूप लिया है। सर्व ब्राह्मण एवं सर्व हिन्दू एकता के लिए यह प्रयास सराहनीय रहा।

आर्यावर्त ब्राह्मण संगठन की प्रदेश अध्यक्ष शोभा त्रिपाठी ने समाज की एकता पर अपने विचार रखे। इस मौके पर कान्य कुब्ज नवयुवक समिति से अरविंद दीक्षित, जिलाध्यक्ष अर्चना तिवारी, मीनु दुबे, हेमलता तिवारी, अर्चना शुक्ल, आर्यावर्त की सीता शर्मा, पुष्पा मिश्रा, नीलम पांडेय, सभी ब्राह्मण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय अध्यक्षों ने ब्राह्मण एकता को प्राथमिकता देते हुए सफल आयोजन की प्रशंसा की। भब्य भवन के लोकार्पण पर कान्य कुब्ज पदाधिकारी बीके पांडेय, सुदेश दुबे साथी, मनोहर मिश्रा सहित सभी ब्रम्ह बंधुओं को शुभकामनाएं प्रेषित की गई है।

**रक्तदान दिवस आज**

# डरें नहीं जरूर करें रक्तदान, इससे खून बढ़ता है और शरीर को भी होता है फायदा



**बिलासपुर।** शरीर को सुचारू रूप से चलाने रक्त बहुत उपयोगी है, अगर इसकी कमी शरीर में हो जाए तो कई बीमारियां हो जाती है। इसी तरह थैलिसिमिया, सिकलसेल, कैंसर व रोड एक्सीडेंट जैसी तमाम बीमारियों में भी रक्त की अहम भूमिका होती है। विश्व रक्तदाता दिवस का उद्देश्य लोगों रक्तदान करने जागरूक करना और रक्तदान को अधिक से अधिक बढ़ाना है।

शहर में ऐसे कई ब्लड डोनर हैं जिन्होंने अपने आसपास व परिवार में ब्लड की कमी के वजह से हुई घटना से प्रेरित होकर ब्लड डोनेट करने का संकल्प लिया और हर तीन माह में एक बार सिम्स जाकर रक्त दान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि रक्त देने से खून बढ़ता है, लोगों को यह भ्रम बिलकुल गलत है कि ब्लड देने से कम हो जाता है। लोगों को अधिक से अधिक ब्लड डोनेट करना चाहिए। जीवन में हर किसी को कभी न कभी परिजन, रिश्तेदारों, दोस्तों या पड़ोसियों के लिए विशेष परिस्थितियों में रक्त (ब्लड) की आवश्यकता पड़ती ही है। कई बार हमें जरूरत के समय रक्त नहीं मिलता। ऐसे में मरीज की जान तक बचाना मुश्किल हो जाता है। इसी मुश्किल को आसान बनाने के लिए हर वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है।

### 15 सालों में 27 बार ब्लड डोनेट कर चुकीं



गायत्री कौशिक ने बताया कि विगत 15 सालों से ब्लड डोनेट करते आ रही हूं। अब तक 27 बार ब्लड डोनेट कर चुकी हूं। गायत्री ने बताया कि एक बार परचित में ब्लड की जरूरत थी, उस समय मैंने अपना ब्लड दिया, जिससे उसकी जान बच गई। यह देख उस दिन से संकल्प लिया कि ब्लड अब हमेशा देना है। इसके बाद से लगातार ब्लड देते आ रही हूं।

### बी निगेटिव रेयर ग्रुप को देने कोरबा से आते रहे



कोरबा निवासी दर्शन सिंह चांवला ने बताया कि उनका ब्लड ग्रुप बी निगेटिव है, जो रेयर है। वे कोरबा से सिर्फ ब्लड देने सिम्स आते हैं। उन्हें लगता है कि सिम्स में ब्लड की बहुत जरूरत होती है और यहां पर ब्लड जिसको भी दिया जाएगा बहुत ही जरूरतमंद होगा। इस वजह से वे यहां ब्लड डोनेट करते हैं। सामान्य तौर पर भी जरूरत पड़ने पर हर किसी को देते हैं।

### हम डोनेट नहीं करेंगे, तो आमजन से उम्मीद कैसे कर पाएंगे



जिला अस्पताल के डॉ अनिल कुमार डनसेना ने कहा कि जब से मैं मेडिकल की पढ़ाई कर रहा था। अस्पतालों में मरीजों को खून के लिए परेशान होता देखकर ब्लड डोनेट करने का निर्णय लिया। विगत 14 सालों में कई बार ब्लड दे चुका हूं। मैं डॉक्टर होने के पहले एक नागरिक हूं, इसी सोच से रक्तदान करता हूं। अगर मेडिकल फील्ड के ही लोग डोनेट नहीं करेंगे तो फिर

### डोनेट होता है साढ़े सात हजार यूनिट से अधिक ब्लड

सिम्स ब्लड सेंटर काउंसलर डॉ अनिल सक्सेना ने बताया कि सिम्स में साल भर में साढ़े सात हजार ब्लड यूनिट से अधिक का कलेक्शन हो जाता है। यह ब्लड सेल्फ डोनर व कैंप के माध्यम से सिम्स में आता है। इस ब्लड सिम्स के मरीजों और उपलब्ध होने पर बाहर भी दिया जाता है।

### हर कोई करे रक्तदान

सिम्स ब्लड सेंटर प्रभारी डॉ ज्योति पोर्ते ने कहा कि आम जन हर किसी को ब्लड जरूर देना चाहिए। ब्लड डोनेट करने से कैंसर, हार्ट अटैक जैसी कई बीमारियों की आशंका कम हो जाती है। ब्लड देने से ब्लड और बढ़ता है।

### मेगा रक्त दान शिविर आज

विश्वरक्तदाता दिवस के अवसर पर 14 जून को विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, लायंस क्लब बिलासपुर, जिला उद्योग संघ, सेवा भारती, दी फाउन्डेशन अकादमी, सी जी एजुकेशन एन्ड ट्रेनिंग एसोसियशन, बैंकर्स क्लब, हैंड्स ग्रुप, सिम्स, बी एन आई, पुनः हरियाली, इन्डोर गेम्स एकाडमी, रक्त मित्र, रोटरी क्लब रायल, वाय सी सी सी आई, एरीना एनीमेशन, पिनाकल डिज़ाइन एरीना, शांता फ़ाउंडेशन, राष्ट्रीय सेवा योजना, गुरु घसीदास विश्व विद्यालय, अटल बिहारी बाजपेयी विश्व विद्यालय, सीएम डी कालेज एनसीसी एनएसएस, न्यू जनरेशन, बैंकर्स क्लब सहित संस्थाओ के संयुक्त तत्वावधान में एकता ब्लड बैंक में प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि भी कार्यक्रम में रक्तदाताओं के प्रोत्साहन के लिए शामिल होंगे। जिनमें उद्योग संघ, सीएमडी कालेज से संजय दुबे, प्रो मनोज सिन्हा, प्रो. डा. दिलीप झा आदि शामिल होंगे।कार्यक्रम को सफल बनाने में मंजीत सिंह अरोरा, अरविंद दीक्षित, शैलेश बाजपेयी, प्रिंस भाटिया, किरणपाल सिंह चावला, राजीव अग्रवाल, अभिषेक विधानी, अविनाश आहूजा, नितेश गेमनानी, मनीष जैन, कपिल अग्रवाल, सौमित्र गुप्ता, राजीव अग्रवाल, रूपेश शुक्ल, नितेश वर्मा, रोहित भांगे, प्रकाश सोंथालिया, सत्विन्दर सिंह, ललित अग्रवाल, एरीना एनिमेशन से संदीप गुप्ता, मनीष मौर्य, अखिलेश्वर शर्मा आदि ने आवश्यक तैयारी में जुटे हैं।

**सम्मान**

## लायंस क्लब उर्जा की अध्यक्ष रिम्पी को मिला एक नारी सौ पर भारी सम्मान




**121 महिलाओं का किया गया सम्मान**

**बिलासपुर।** ग्लोबल एम्पायर चंडीगढ द्वारा नई दिल्ली के पांच सितारा होटल में आयोजित कार्यक्रम में देश भर के कुल 121 महिलाओं को उनके सामाजिक, शिक्षा, संगीत, समाज सेवा एवं अन्य क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए एक नारी सौ पर भारी सम्मान से सम्मानित किया गया है। इसमें लायंस क्लब बिलासपुर उर्जा की अध्यक्ष रिम्पी कौर होरा भी शामिल है।

छत्तीसगढ़ से लायंस क्लब ऊर्जा की अध्यक्ष श्रीमती होरा ने भी इस स्पर्धा में उनके द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किए गये कार्य के साथ मूल्यांकन हेतु हिस्सा लिया। ग्लोबल एम्पायर की टीम ने उनके समाज सेवा कार्य के साथ पशु प्रेम, आवारा पशुओं को दुर्घटनाग्रस्त होने से बचाव उनके गले मे रेडियम पट्टी बांधने एवं उनकी संरक्षा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए इस सम्मान के लिए चयनित किया एवं उन्हें समारोह में अवार्ड, सम्मान पत्र, सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। यह अवार्ड देश के वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक अशोक वानखेडे, ग्लोबल एम्पायर के चेयरमैन अधिवक्ता उदयवीर सिंह बिंद्रा एवं डॉ दीपक सिंह कल्चरल एम्बेसेडर ऑफ सियाचिन गवर्नमेंट ऑफ सियाचिन के हाथों प्रदान किया गया।

## व्यापमं ने दो पालियों में तीन परीक्षाओं का किया आयोजन

# पीईटी और पीएचटी के आसान प्रश्नों ने बढ़ाए परीक्षार्थियों के अंक

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा गुरूवार को प्री-इंजीनियरिंग टेस्ट और प्री-फार्मेसी टेस्ट का आयोजन किया गया। पीईटी की परीक्षा 8 केन्द्रों हुई, जिसमें 2 हजार 574 छात्रों से 1 हजार 24 छात्रों ने परीक्षा दिलवाई व पीपीएचटी में 4 हजार 65 छात्रों में से 1 हजार 800 छात्रों ने परीक्षा दी। पीईटी की परीक्षा सुबह 9 से 12 बजे तक ली गई तथा पीएचटी की परीक्षा 12 केन्द्रों में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक ली गई।





**बिलासपुर।** इसी तरह प्री एमसीए की परीक्षा के लिए 3 हजार ने आवेदन किया था, जिसमें महज 535 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी है। व्यापमं की परीक्षा छात्रों की अनुपस्थिति लगातार बनी हुई है, आज की परीक्षा में ये जारी रहा। परीक्षार्थी राहुल शर्मा ने बताया कि पीईटी का पेपर ऑवरआल इजी था, सिर्फ मैथ्स के प्रश्न थोड़े टफ लगे। पीपीएचटी की परीक्षा देकर निकली नीलम साहू ने बताया कि हमने पिछले वर्ष के प्रश्न-पत्र को हल किया था, इस वजह से पेपर अधिक कठिन नहीं लगा, हमें अच्छा कालेज मिलने की उम्मीद है।

### आईडी देखकर मिली एंट्री

एग्जाम सेंटर में परीक्षार्थी मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस समेत अन्य फोटोयुक्त आइडी प्रुफ लेकर परीक्षा देने के लिए केंद्र में पहुंचे थे, जहां जांच कर परीक्षार्थी को केंद्र में प्रवेश दिया गया।

### इंजीनियरिंग व फार्मेसी कॉलेजों में होगा प्रवेश

प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रदेशभर के इंजीनियरिंग और फार्मेसी कालेजों में प्रवेश दिए जाएंगे। इस परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर शासकीय व निजी कॉलेजों में छात्रों को प्रवेश मिलेगा। रैंक अधिक होने से शासकीय कॉलेज मिल जाएगा।

**सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में चल रही संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा**

## हमेशा श्रेष्ठ कर्म कर चलें सही रास्ते पर : पं. दुर्गेश

**बिलासपुर।** इंसान जिस अंग से अपराध करता है, दण्ड उसी अंग को मिलता है। सभी को शुभ-अशुभ कर्म का फल अवश्य भोगना पड़ता है। इस जन्म में नहीं तो अगले जन्म में भोगना अवश्यंभावी है, इसलिए हमेशा श्रेष्ठ कर्म करें। सही रास्ते पर चलें।

ये बातें कथावाचक पं. दुर्गेश शर्मा अमसेना ने शिक्षक कालोनी स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में चल रहे संगीतमयी श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ सप्ताह के छठवें दिन गुरुवार को उद्धव संवाद एवं सुदामा चरित्र की कथा पर प्रकाश डालते हुए कही। उन्होंने बताया कि मनुष्य देह प्राप्त करने के बाद कर्म करने के अनुरूप फल मिलता है। कीट, पतंगा सहित अन्य सभी जीव अपने कर्म को ही भोगते हैं। उन्होंने कहा कि मानव होकर यदि हमारे मन में दया, श्रद्धा का भाव प्रकट नहीं हुआ तो हमारे व स्वान में क्या अंतर रह जाएगा। ज्ञान से हीन पशु हैं। जहां तक हो सके गाय की खुद सेवा करने का प्रयास करें। दान विवेक का आश्रय लेकर करें। यदि दान दी हुई चीजों का सदुपयोग होता है तो उसका सचमुच फल मिलता है। दान की राशि से मांस, मदिरा का सेवन करने पर उसका फल हमें भी भोगना पड़ेगा। कथा के मुख्य यजमान सुरेंद्र स्मृति दुबे हैं। शुक्रवार 14 जून को सत्संग महिमा, परीक्षित मोक्ष पर कथा व चढ़ोतरी होगी।

### भाव के भूखे होते हैं साधु, संत

कथावाचक ने कहा कि संत, साधु संतोषी व भाव के भूखे होते हैं। भगवत प्राप्त महापुरूष कभी किसी से कुछ मांगने नहीं जाता है, बल्कि निरंतर भगवत नाम का आश्रय लिए होता है। हमेशा दूसरे के हित में लगे एवं भगवत नाम का आश्रय लिए होते हैं। साधु का मतलब एकांत में जाकर अपने को साध लेना होता है। उन्होंने कहा कि अंधविश्वास में न पड़कर निश्चल भाव से भगवान का आश्रय लेने वालों को ग्रह बाधित नहीं करते हैं।





### भजनों की प्रस्तुति से माहौल रहा भक्तिमय

कथा के बीच-बीच में कथावाचक द्वारा भजन-नारायण दीन दयाल, निज भक्तन के प्रतिपाल, जय जगदीश हरे..., मेरा मन पंछी चाहे, उड़ वृंदावन जाऊं, ब्रज की इन गलियों में राधे-राधे बोलूं, मैं श्यामा-श्यामा गाऊं...की प्रस्तुति से माहौल भक्तिमय बना रहा।

**शिविर**

## बच्चों को कराया गया योग, ध्यान व प्राणायाम



**आर्ट ऑफ लिविंग का मेधा योग कार्यक्रम आयोजित**

**बिलासपुर।** शिव शक्ति मेडिटेशन हॉल अमेरी रोड में आर्ट ऑफ लिविंग का 6 दिवसीय मेधा योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 13 से 18 साल के बच्चों ने भाग लिया। जिन्हें खेल के माध्यम से बहुत कुछ सीखने को मिला। ग्रुप फन एक्टिविटी, इंटर एक्टिव प्रक्रियाएं, योग, ध्यान, प्राणायाम और सुदर्शन क्रिया कराई गई।

कोर्स की प्रशिक्षक स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ श्वेता अग्रवाल, शालिनी साहू एवं संदीप वजे ने बताया कि वर्कशॉप के अनेक फायदे हैं। इसे करने के बाद पैरेंट्स के साथ अधिक जुड़ाव होगा। पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ेगी। खुशी, उत्साह, ऊर्जा व रचनात्मकता से भरपूर मानवीय मूल्य साझा करना और देखभाल करना सीख सकेंगे। धैर्य, सहानुभूति और अपनापन का भाव पैदा होगा। नकारात्मक भावनाओं को संभालने की क्षमता बढ़ेगी। यह प्रोग्राम बच्चों को क्रोध, ईर्ष्या, साथियों के दबाव, प्रतियोगिता, आकर्षण आदि से निपटने में मदद करता है।

### मिलती है सही दिशा

आर्ट ऑफ लिविंग मेधा योग 13 से 18 साल के टीनएजर बच्चों के लिए बहुत ही सुंदर प्रोग्राम हैं। बच्चों का जीवन बहुत महत्वपूर्ण है। इसे सही दिशा देने का कार्य आर्ट ऑफ लिविंग की मेधा योग प्रोग्राम कर रहा है। बच्चों को यहां खेल और एक्टिविटी के माध्यम से पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ाने, माता-पिता के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने, इस उम्र में होने वाली समस्याओं का आसानी से हल निकालने, अपने भविष्य व पढ़ाई पर फोकस करने, योग, ध्यान, प्राणायाम और सुदर्शन क्रिया के माध्यम से एक बेहतर व जिम्मेदार बनने की बात बच्चों को बताई गई।

**स्पोर्ट्स न्यूज**

**आयुष ने खेली 85 रनों की पारी, बिलासपुर पाइंट टेबल में टॉप पर**

# रायगढ़ को हराकर बिलासपुर बुल्स सेमीफाइनल में





**बिलासपुर।** सीसीपीएल में बिलासपुर बुल्स ने रायगढ़ लायंस को 2 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है। लीग के 12वें मैच में बिलासपुर बुल्स का सामना रायगढ़ लायंस हुआ। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हुए इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए रायगढ़ की टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट गवांकर 176 रन बनाए। इसमें देव आदित्य सिंह ने 57 रनों की पारी खेली। बिलासपुर की ओर से सबसे किफायती गेंदबाजी मो. इरफान ने की और 2 विकेट झटके। उनके अलावा भरत गोंडवानी ने भी 2 विकेट झटके । वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिलासपुर की टीम शुरुआत अच्छी नहीं रही। रायगढ़ के गेंदबाजों ने बिलासपुर के खिलाड़ियों पर शुरू से ही दबाव बनाए रखा। 40 रन के भीतर ही टीम ने कप्तान शशांक सिंह समेत 4 अहम विकेट गंवा दिए।

### आयुष ने छक्का लगाकर दिलाई जीत


आयुष पांडेय ने एक छोर संभाले रखा। उन्होंने 59 गेंदों पर 85 रनों की नाबाद पारी खेली। इसके अलावा प्रतीक यादव ने 22 गेंदों पर 41 रनों की तूफानी पारी खेलकर मैच को बिलासपुर के हक में ला खड़ा किया। अंतिम ओवर बिलासपुर को जीत के लिए 10 रन चाहिए थे। आयुष ने दो छक्के जड़कर बिलासपुर को मैच जीता दिया। इस जीत के साथ ही बिलासपुर बुल्स ने 5 में से 4 लीग मैच जीतकर पाइंट्स टेबल में 16 अंक के साथ टॉप है और उसका सेमीफाइनल खेलना भी अब तय हो गया है। बिलासपुर का सेमीफाइनल मुकाबला 15 जून को खेला जाएगा।

## 19वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स प्रतियोगिता कल से

**खेल एवं युवा कल्याण विभाग की डायरेक्टर ने बहतराई स्टेडियम का किया निरीक्षण**



बहतराई राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र के आउटडोर एथलेटिक्स ग्राउंड में 15 से 17 जून तक 19वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसकी तैयारियों का जायजा लेने गुरुवार को खेल एवं युवा कल्याण विभाग की डायरेक्टर श्रीमती तनुजा सलाम ने पहुंचकर ग्राउंड का निरीक्षण किया। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पूरे देश के युवा एथलेटिक्स खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा का अवसर प्रदान कर उनकी प्रतिभा को निखारना है। इस मौके पर श्रीमती सलाम ने कहा कि यह हमारे राज्य के लिए गर्व की बात है कि हम इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहे हैं। हम सभी तैयारियों को सुनिश्चित कर रहे हैं, ताकि यह प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। उन्होंने स्टेडियम के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि सभी व्यवस्थाएं उच्चतम मानकों के अनुरूप हों। इस निरीक्षण के दौरान श्रीमती सलाम के साथ अन्य खेल विभाग के अधिकारी और आयोजन समिति के सदस्य भी उपस्थित थे। सभी ने प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और कहा कि हम सब मिलकर इस आयोजन को यादगार बनाएंगे और छत्तीसगढ़ को खेल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।



# करन ने नए सितारों को दी ये सलाह ...

**नई दिल्ली।** करण जौहर बुधवार को मुंबई में अपनी आने वाली प्रोडक्शन किल के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में शामिल हुए। फिल्म मेकर ने इंडस्ट्री में बढ़ती हुई एन्टोरेज लागत के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि 'एन्टोरेज लागत हमारी समस्याओं में सबसे छोटी है। यह कलाकारों का मुख्य पारिश्रमिक है जिस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। मुझे लगता है कि सभी एक्टर्स के लिए यह समझना बहुत अहम है कि समय कैसा है। हमारी फिल्मों का माहौल कैसा है, किसी भी साइज की बड़ी मोशन पिक्चर बनाना कितना कठिन और मुश्किल है। फिल्म निर्माण की प्रक्रिया में शामिल अतिरिक्त लागतों के बारे में विस्तार से बताते हुए केजेओ ने कहा, 'यह बहुत मुश्किल है।

लाइफ Style

# तापसी इतना भाव क्यों खाती है!

तापसी पन्नू बॉलीवुड की वो एक्ट्रेस हैं, जो फिल्मों और अपने काम से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। खासतौर से अपने बर्ताव के लिए। उन्हें अक्सर पपाराजी पर चिल्लाते या गुस्सा करते हुए देखा जा चुका है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस बार भी वो इसी कारण फिर से सुर्खियों में आ गई हैं। उनका एटिट्यूड देख यूजर्स उन्हें जमकर खरी-खोटी सुना रहे हैं। एक ने लिखा, 'मुझे समझ में नहीं आता कि आप भी स्वघोषित सेलिब्रिटी के साथ सेल्फी क्यों लेना चाहते हैं।' दूसरे ने कॉमेंट किया, 'क्या है यार ये... अपने फैंस की रिक्वेस्ट करो उनकी वजह से हो।' अन्य लिखते हैं, 'ये इतना भाव क्यों खाती है, कुछ फिल्में करके।'

वीडियो में तापसी पन्नू अपनी बहन शगुन के साथ आती हुई दिख रही हैं। उन्हें देखते ही पपाराजी उन्हें रुककर पोज देने की रिक्वेस्ट करते हैं। कुछ फैंस भी हैं, जो सेल्फी लेने के लिए बेकरार दिखे। सभी 'मैम मैम...' कहते हुए उनसे तस्वीर खिंचवाने की गुजारिश कर रहे हैं, लेकिन तापसी किसी की एक नहीं सुनती हैं। कार का दरवाजा खोलते हुए तापसी कहती हैं, 'हट जाइये, प्लीज हट जाइये। आप मेरे बहुत पास आ रहे हैं।' इसके बाद वो गुस्से में अपनी कार में जाकर बैठ जाती हैं। तापसी का ये बर्ताव देखने के बाद यूजर्स गुस्से से तमतमा गए हैं। कुछ लोग तो ये भी कह रहे हैं कि कोई इसका फैन कैसे हो सकता है!



## हॉलीवुड मसाला



# अपने नाम से 'पिट' हटाएंगी...

**लॉस एंजिलिस।** एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की सबसे बड़ी बायोलॉजिकल बेटी शिलोह जोली-पिट ने 18 साल की होने के तुरंत बाद अपने आखिरी नाम (सरनेम) से 'पिट' हटाने के लिए कानूनी कागज कार्रवाई दायर की है। कभी हॉलीवुड के फेमस स्टार कपल रहे एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट के रिश्ते खराब हो चुके हैं। अब उनसे जुड़ी एक बड़ी रिपोर्ट सामने आई है। बताया जा रहा है कि एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की सबसे बड़ी बेटी शिलोह जोली-पिट ने कथित तौर पर अपने आखिरी नाम से 'पिट' हटाने के लिए कानूनी कागजी कार्रवाई दायर की है।



# प्रैक्टिकल मैजिक के सीक्वल में नजर आएंगी सैंड्रा-निकोल

**लॉस एंजिलिस।** साल 1998 में आई वार्नर ब्रदर्स के बैनर तले बनी फिल्म प्रैक्टिकल मैजिक के सीक्वल को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। हाल ही में स्टूडियो ने जानकारी दी है कि फिल्म के दूसरे भाग में सैंड्रा बुलॉक और निकोल किडमैन दोबारा नजर आ सकती हैं। सोशल मीडिया पर दी गई जानकारी के अनुसार दोनों से इस फिल्म को लेकर बातचीत चल रही है। रॉबिन स्विकॉर्ड और एडम ब्रूक्स के साथ मूल फिल्म लिखने वाले अकीवा गोल्ड्समैन इस फिल्म की भी पटकथा लिखेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सैंड्रा और निकोल फिल्म से निर्माता के तौर पर मूल फिल्म के प्रोड्यूसर डेनिस डि नोवी के साथ जुड़ सकती हैं। फिलहाल, सीक्वल की कहानी के बारे में किसी भी प्रकार की कोई जानकारी साझा नहीं की गई है। प्रैक्टिकल मैजिक साल 1995 में आई एलिस हॉफमैन के उपन्यास का रूपांतरण थी, जिसका निर्देशन ग्रिफिन डन ने किया था। कहानी दो बहनों, सैली (सैंड्रा बुलॉक) और गिलियन ओवेन्स (निकोल किडमैन) के इर्द गिर्द बुनी गई थी जो चुड़ैलों की एक लंबी वंशावली से थीं। मौजूदा समय में किडमैन को प्राइम वीडियो की पुरस्कार विजेता मिनी सीरीज एक्सपैट्स में अभिनय करते देखा जा सकता है। 28 जून को रिलीज होने जा रही नेटफ्लिक्स की रोमांटिक कॉमेडी ए फैमिली अफेयर में जैक एफ्रॉन और जॉय किंग के साथ भी वह नजर आएंगी।

## टीवी मसाला





# 'बिग बॉस ओटीटी 3' के घर में होगी मीका सिंह की एंट्री?

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी' का तीसरा सीजन जल्द ही दर्शकों के बीच धमाल मचाने के लिए तैयार है। हर कोई यह जानने के लिए उत्साहित है कि इस बार रियलिटी शो में कौन भाग लेगा, वहीं अब खबर आई है कि गायक मीका सिंह को भी अनिल कपूर के शो के लिए अप्रोच किया गया है। कथित तौर पर, निर्माता शोबिज की दुनिया से एक लोकप्रिय नाम को लाने की योजना बना रहे हैं। पिछले साल उनके पास अभिनेत्री-निर्माता पूजा भट्ट थीं, अब वे मीका सिंह को शो में लाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक यह पुष्टि नहीं हुई है कि मीका की मेकर्स के साथ डील फाइनल हुई है या नहीं। 'बिग बॉस ओटीटी 3' का प्रीमियर 21 जून को जियो सिनेमा पर होगा और इसे अनिल कपूर होस्ट करेंगे। शो की मेजबानी के बारे में अपनी उत्सुकता साझा करते हुए, अनिल कपूर ने पहले कहा था, "बिग बॉस ओटीटी और मैं एक ड्रीम टीम हैं! हम दोनों दिल से जवान हैं; लोग अक्सर मजाक में कहते हैं कि मैं उल्टा बूढ़ा हो रहा हूं, लेकिन बिग बॉस वाकई अच्छा शो है। यह कुछ हद तक स्कूल वापस जाने जैसा लगता है, कुछ नया और रोमांचक करने की कोशिश करना।

## मोना सिंह ने ठुकरा दिया था करण ओबेरॉय से शादी का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** करण ओबेरॉय और मोना सिंह की मुलाकात साल 2006 में टीवी शो 'जस्सी जैसी कोई नहीं' की शूटिंग के दौरान हुई थी। सेट पर एक दूसरे के साथ ज्यादा समय बिताने के बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगी थीं। हालांकि, कुछ समय तक डेट करने के बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया था। हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान अभिनेता ने अपने रिश्ते को लेकर खुलकर बात की। इंटरव्यू के दौरान उन्होंने खुलासा किया कि वह मोना से शादी करना चाहते थे, लेकिन अभिनेत्री ने उनका प्रस्ताव ठुकरा दिया था।





# दिलीप कुमार को याद कर हुई भावुक

**मुंबई।** अभिनेत्री फरीदा जलाल अपने करियर में राजेश खन्ना की हीरोइन रह चुकी हैं। राजेश खन्ना के अलावा उन्होंने दिलीप कुमार के साथ फिल्म 'गोपी' में काम किया था। दिलीप कुमार के बातें करते हुए अभिनेत्री कहती हैं, 'दिलीप साहब का दिल सोने का था। उनकी शालीनता की मैं क्या मिसाल दूं। उन जैसा कोई हो ही नहीं सकता है। सेट पर आप उनको देखकर कह ही नहीं सकते थे कि ये सुपर स्टार हैं'। 'मुझे अच्छी तरह से याद है जब मुझे 'गोपी' फिल्म ऑफर की गई थी तब मैंने दिलीप कुमार और मीना कुमारी के साथ काम करने के लिए तुरंत हां कर दिया था। एक कलाकार और इंसान के तौर पर मुझे दोनों से काफी कुछ सीखने को मिला था। मैं आज भी दिलीप कुमार और मीना कुमारी की फैन हूं'। अभिनेत्री कहतीहैं, 'मैं दिलीप कुमार के बारे में क्या बताऊं आपको। एक दिन सेट पर दिलीप कुमार ने देखा कि एक बूढ़ा लाइट मैन अकेले चाय पी रहा था, तो वे उसके पास गए एयर उसके साथ उन्होंने चाय पीया। मुझे एक पल के लिए यकीन नहीं हुआ, लेकिन ये थे दिलीप कुमार।

# बॉर्डर के पूरे हुए 27 साल मनाया जश्न...



**मुंबई।** भारतीय सिनेमा की कल्ट फिल्मों में शामिल 'बॉर्डर' ने गुरुवार को अपनी रिलीज के 27 साल पूरे कर लिए। इस खास मौके पर फिल्म के सीक्वल का भी ऐलान हो चुका है। सनी देओल ने सोशल मीडिया पर फिल्म की आधिकारिक घोषणा गुरुवार (13 जून) को कर दी। इस अवसर पर अभिनेता जैकी श्रॉफ ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा कर खास अंदाज में फिल्म के 27 साल पूरे होने का जश्न मनाया है। दरअसल, अभिनेता ने फिल्म में अपने अभिनय को याद करते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने सीन की एक क्लिप पोस्ट की है। वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने अपने सह-कलाकारों को टैग किया। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ ने वायु सेना के अधिकारी विंग कमांडर आनंद बाजपेयी का किरदार निभाया था। साल 1997 में रिलीज हुई यह फिल्म 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान की कहानी थी। देशभक्ति से भरपूर इस फिल्म में सनी देओल, जैकी श्रॉफ, सुनील शेट्टी और अक्षय खन्ना ने मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं।

# 'बलमु के हिपिया' ने मचाई धूम...

**नई दिल्ली।** भोजपुरी फिल्म फसल की जोरदार धूम है। फिल्म को दर्शकों का खूब प्यार मिला और इसमें दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे लीड रोल में है। मरून कलर सडिया गाना इसका यूट्यूब पर जमकर धूम मचा रहा है। इस गाने में भोजपुरी की यूट्यूब क्वीन आम्रपाली दुबे और जुबली स्टार निरहुआ नजर आ रहे है। लेकिन आप जानते हैं कि मरून कलर सडिया और फसल में जान बसल गानों की खूब धूम है। इन भोजपुरा गानों में निरहुआ और आम्रपाली दुबे की केमेस्ट्री को जमकर पसंद किया जा रहा है। लेकिन भोजपुरी फसल का एक और गाना भी है जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। फसल फिल्म के गाने बलमु के हिपिया को पसंद किया जा रहा है।


## आम सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा ग्राम छतौना प0ह0नं0 37 रानिमं अमसेना, तहसील सकरी जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 1062/1 कुल रकबा 0.271 हे0 मे से बिक्री रकबा 0.218 हे0 0.54 एकड़ भूमि का पक्का सौदा मेरे पक्षकार उमेश कुमार शुक्ला उम्र 37 वर्ष पिता बसंत कुमार शुक्ला निवासी म0नं. 1538 वार्ड नं0 8 राधाकृष्ण मंदिर के पास तिफरा बिलासपुर जिला बिलासपुर के द्वारा विक्रेता भागू राम यादव पिता झाडू राम यादव निवासी एच0एन0256/5 क आवास पारा छतौना हीर्री माईन्स बिलासपुर के साथ दिनांक 23/11/23 को कर लिया गया है। उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में यदि विक्रेता द्वारा किसी अन्य व्यक्ति के साथ इकरारनामा या बिक्री के संबंध किसी प्रकार का कोई सौदा किया जाता है तो वह गैरकानूनी समझा जावेगा तथा भविष्य में मेरा पक्षकार किसी भी प्रकार की कानूनी कार्यवाही करने हेतु बाध्य होगा। जिसके जिम्मेदार विक्रेता फागू राम यादव होगें।
बिलासपुर, दिनांक 13.06.2024
भवदीय
आशीष पाण्डेय, अधिवक्ता
पता: बी- 22, श्रीराम पार्क कॉलोनी, महाराना प्रताप नगर, हनुमान मंदिर के पास, तिफरा, बिलासपुर (छ.ग.)
Mob. 9039630768

## न्यायालय नायब तहसीलदार -4 तहसील सकरी
मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भ :- जिला- बिलासपुर तहसील - सकरी प.ह.न. - 00053 निरतू ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT202324401117600046

ईश्तहार

तहसील सकरी के प.ह.न. 00053 के अंतर्गत ग्राम निरतू के वर्तमान भूमिस्वामी रामकुमार गुप्ता पिता/पति - रमेश प्रसाद गुप्ता पता -बिरकोना बिलासपुर, श्याम सुन्दर गुप्ता पिता/पति-रमेश प्रसाद गुप्ता पता - चांटीडीह बिलासपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1090/1/ख (0.0529) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता लक्ष्मी देवी शर्मा पिता/पति - संतोष कुमार शर्मा पता-राजी भाठा उमरेली कोरबा के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26/06/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार 4 तहसील सकरी पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/06/2024 को जारी किया जाता है।
नायब तहसीलदार
Leeladhar Chandra
Ameri binouri, Vinjhasar, Kathakoni, Khajuri navagav, Nirtu, Turkadih, Lokhandi 1, 2, 3, 4

## कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर
आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अटल आवास निरतू (तखतपुर) बिलासपुर में निर्मित अटल आवास भवनों में से भवन क्रं. अटल आवास-186 मूल आबंटी श्री मनबोध कुमार साहू पिता श्री जोगी राम साहू के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 17.04.2014 को पंजीकृत किया गया हैं। आबंटी अपने उक्त भवन को नाम श्री सदन श्रीवास पिता श्री शंकर लाल श्रीवास को विक्रय करना चाहते है जिसके लिये विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था / बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।
संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)

## न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ /अ-6/2023-24
पक्षकार श्रीमती आशा दोहानी पति स्व. नंद कुमार दोहानी वगैरह.... आवेदिकागण
बनाम
छ.ग. शासन...अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण श्रीमती आशा दोहानी पति स्व. नंद कुमार दोहानी वगैरह निवासी श्रीराम प्लाजा गोलबाजार बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला खपरगंज शीट नं. 33 प्लाट नं. 50/1,2,3,4,5,6 पर निर्मित श्रीरामप्लाजा के द्वितीय तल पर निर्मित फलैट नं. एस.एफ-9 रकबा 818.21 व.फु. जो आवेदिकागण के पति/ पिता स्व. नंदकुमार दोहानी व संजय दोहानी के संयुक्त के नाम पर दर्ज है। स्व. नंदकुमार दोहानी की मृत्यु दिनांक 01.05.2023 को हो चुकी है। आवेदिकागण द्वारा आवेदित फलैट को फौती के आधार पर नामांतरण करने के लिए छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 09/07/2024 को न्यायालयीन समय में स्वत: उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 13/6/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
नजूल अधिकारी
नजूल बिलासपुर (छ.ग.)

## कार्यालय राजस्व निरीक्षक- मुंगेली (ग्रा.) तहसील व जिला- मुंगेली (छ.ग.)
//सूचना//

न्यायालय तहसीलदार मुंगेली के ज्ञापन क्र Q दिनॉक 6/6/2024 के अनुसार आवेदक विकास गुप्ता पिता ओंकार निवासी मुंगेली द्वारा ग्राम धनगांव प.ह.नं. 40 रा.नि.मं. मुंगेली (ग्रा.) तहसील मुंगेली स्थित अपनी भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 186/1, 199/1 रकबा 2.115, 0.405 हेक्ट. का सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार मुंगेली के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

न्यायालय तहसीलदार के आदेशानुसार उक्त आवेकदित खसरा का सीमांकन मौके पर दिनॉक 15/06/2024 को 12.00 बजे किया जायेगा।

अत: आप आवश्यक दस्तावेज के साथ स्थल पर उपस्थित रहें। सूचना उपरांत भी मौके पर अनुपस्थित रहने पर नियत तिथि को आवेदक की उपस्थिति में सीमांकन की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। सीमांकन के निर्धारित तिथि के पूर्व हितबद्ध पक्षकार अपना दावा/आपत्ति सक्षम न्यायालय में दर्ज करा सकता है।
प्रति,
1. श्री अमित गुप्ता, 2. श्री विजय गुप्ता, 3. वर्षा गुप्ता, 4. श्री मुकुन्द गुप्ता एवं समस्त अन्य हितबद्ध पक्षकार।
राजस्व निरीक्षक
मुंगेली (ग्रा.)

## कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
सूचना पत्र

क्रमांक/क/ सीमांकन/रा.नि./2024
जूना बिलासपुर दिनांक 11/06/20244
प्रति, 1. (आवेदक) राजेश सरकार पि. निरंजन सरकार 2. शिवा 3. विपूल मिश्रा, विनय मिश्रा 4.लोचन चन्द्रा 5. विपलप कुमार दत्ता
विषय:- सीमांकन के समय स्थल पर उपस्थित रहने बाबत्।
संदर्भ:- न्यायालय अति./नायब तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक क/तह./ ना.तह. /वा./2024 बिलासपुर, दिनांक 22/03/24

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक राजेश सरकार पिता/ पति निरंजन सरकार निवासी टिकरापारा बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम तोरवा प.ह.नं. ... रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 780/2, 780/3, 780/4 रकबा 0.1580 हेक्टेयर भूमि का छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 129 के तहत सीमांकन किए जाने हेतु न्यायालय अति./ नायब तहसीलदार बिलासपुर में आवेदन प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 14.06.2024 को समय 12.00 बजे से 5.30 बजे के मध्य किया जाना है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अत: आपको सूचित किया जाता है कि उक्त नियत तिथि को समय पर स्थल पर भूमि संबंधित समस्त दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें उपस्थित नहीं होने की दशा में सीमांकन कार्य बाधित होने की संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी।
टीप: आवेदक सीमा चिन्ह स्थित करने हेतु आवश्यक सामाग्री एवं मजदूर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।
राजस्व निरीक्षक
जूना बिलासपुर
तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

## न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग- 02 मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)
ईश्तहार

मोहरदास... वादी बनाम
संतोष वगैरह ...प्रतिवादीगण
प्रोसेस नं. 661/24
व्य.वा.क्र 100ए/2023
पेशी दिनांक 11.07.2024

सूचना

प्रति, कृष्णा बाई जांगड़े आत्मजा स्व. इतवारी उम्र 37 वर्ष जाति सतनामी, निवासी ग्राम व पोस्ट करही तहसील व जिला - मुंगेली (छ.ग.)
मो. 9691646359

अपके विरूद्ध वादी मोहरदास आत्मज स्व. खोरबहरा जाति सतनामी, निवासी ग्राम उमरिया, पोस्ट बावली, तहसील पथरिया, जिला- मुंगेली छ.ग. ने एक व्यवहार वाद वास्ते स्वत्व की घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा हेतु पेश किया है। जिसमें आपकी उपस्थिति हेतु पूर्व में कई बार सूचना प्रेषित किया गया किन्तु समुचित तामिली नहीं होने के कारण समाचार पत्र के माध्यम से आप प्रतिवादी को उपर्युक्त प्रकरण में अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर प्रतिरक्षा किये जाने हेतु सूचना प्रकाशन कराया जा रहा है। उपर्युक्त व्यवहार वाद आगामी सुनवायी हेतु पेशी दिनांक 11.07.2024 नियत है। जिसमें उपर्युक्त सुनवायी दिनांक को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालयीन समय 10:30 बजे उपस्थित होकर अपने पक्ष समर्थन में समुचित प्रतिरक्षा कर सकते है। अन्यथा एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में आगे विचारण किया जावेगा। यदि पेशी दिनांक 11.07.2024 को अवकाश घोषित किया जाता है तो उसके अगले कार्य दिवस को अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

आज दिनांक 09.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
दिनांक 09.05.2024
(कु. श्वेता ठाकुर)
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मुंगेली
जिला मुंगेली (छ.ग.)

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मौजा मोपका (बिजौर) प.ह.न. 00030 ग्राम बिजौर तहसील बिलासपुर में स्थित भूमि जो कि लक्ष्मण लाल पिता शारदा राम सूर्यवंशी (अनु.जाति) के नाम में है। नवीन खसरा नं. 407/3, रकबा 0.0850 हे. भूमि खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चूकि है। इस बाबत किसी व्यक्ति, बैंक संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस अंदर समस्त कागजात सहित उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दर्ज कर सकते है उसके पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति अमान्य होगी।

सो सूचना जाने।
भवदीय
रोहित शुक्ला
श्री कन्शट्रक्शन
राजकिशोर नगर बिलासपुर
8966002333

## न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. ..../ब-121/2023-24
ग्राम धनगांव गो प.ह.नं. 05

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम धनगांव (गो) वालो को सूचित किया जाता है कि आवेदक धर्मेन्द्र पिता ईश्वर जाति सतनामी निवासी ग्राम धनगांव गो तहसील जरहागांव जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा अपने पिता ईश्वर के मृत्यु दिनांक 10.11.1996 को ग्राम पंचायत धनगांव (गो) में दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, अत: इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 28.06.2024 को प्रात: 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जरहागांव

## न्यायालय तहसीलदार सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)
ईश्तहार

क्रमांक/ / क/वा/ना. तह./2024
सकरी दिनांक 30/5/2024

एदत् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद याहया खान पिता जुबैर अहमद खान पता हा.नं.-113 उत्कर्ष निर्माण मंगलवारी बाजार महाराष्ट्र के द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार मौजा खरकेना प.ह.नं. - 36, रा.नि.मं., अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर - 262/60, 487/3, 673/21, 695/11, 230/1, 507/1, रकबा क्रमशः 0.2370, 0.3930, 0.6190, 2.1270, 0.1500, 0.0650 हेक्टर राजस्व रिकार्ड में आवेदक के दादा स्व. रफीक अहमद खान पिता हाजी मसूद खान के नाम पर दर्ज हैं। आवेदक के दादा की मृत्यु दिनांक 27.11.2011 को हो चुका है, उक्त भूमि पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानो के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 24/6/2024 के पूर्व इस न्यायालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत कर सकते है, उक्त तिथि के पश्चात प्रकरण में प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30/5/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।
नायब तहसीलदार
सकरी

## राजस्व मामले में नोटिस
मामले की श्रेणी: राजस्व

न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर
जिला- बिलासपुर तहसील बिलासपुर
प.ह.न. 00032 सरकंडा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक - RD202324400107900131
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- दुर्गेश पिता/पति स्व. करन सिंह पता- पुराना सरकंडा बिलासपुर सरोज बाई, सावित्री बाई, सरिता बाई, सोनिया बाई पिता/पति- स्व. करन सिंह पता- पुराना सरकंडा बिलासपुर, लीला बाई पिता/ पति- स्व. करन सिंह पता-पुराना सरकंडा बिलासपुर
अनावेदक पक्षकार - दुर्गेश, भागाबाई, सरोज बाई, सावित्री बाई, पिता/पति- सरिता, सोनिया पिता करनसिंह पता- लीला बाई पिता/पति- करनसिंह पता-
भूमि का विवरण जिसके संबंध में प्रकरण विचारधीन है तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00032 के अंतर्गत ग्राम सरकंडा के भूमिस्वामी दुर्गेश भागाबाई, सरोज बाई, सावित्री बाई, पिता/पति-सरिता, सोनिया पिता करनसिंह पता - लीला बाई पिता/पति - करनसिंह पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 109/2 (0.0605), 804/2 (0.0180) में नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04/07/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर पर की जावेगी।

आप अपना पक्ष प्रकरण को आगामी सुनवाई तिथिके पूर्व या सुनवाई के समय स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि को प्रकरण में सुनवाई उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। नोटिस दिनांक 11/06/2024
नोटिस क्रमांक-
राजस्व अधिकारी-Neha Vishwakarma
पदनाम- नायब तहसीलदार

## समक्ष नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)
शपथ-पत्र

मैं मनीष कुमार हस्तगेन जन्मतिथि 25/10/1987 पिता स्व. मोती लाल हस्तगेन निवासी क्वाटर नं. 577/4, तितली चौक, मेडिकल कालोनी, रेलवे बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. का हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ 1. यह कि मैं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर छ.ग. के मेडिकल डिपाटमेन्ट में हाऊस कीपिंग असिस्टेंट के पद पर कार्यरत हूँ एवं मेरा सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम मनीष कुमार दर्ज हैं एवं मेरे आधार कार्ड क्रमांक 3759 97430568 में मेरा नाम मनीष कुमार हस्तगेन दर्ज हैं। जो कि सत्य एवं सही हैं। 2. यह कि मनीष कुमार एवं मनीष कुमार हस्तमैन दोनो नाम मेरा ही नाम हैं एवं मैं अपने सर्विस रिकार्ड में अपना नाम मनीष कुमार के स्थान पर मनीष कुमार हस्तगेन दर्ज करना है। जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।
शपथकर्ता
मनीष कुमार हस्तगेन

## न्यायालय तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)
ईश्तहार

क्रमांक/क/तह./वाचक/2024
बिलासपुर दिनांक 15/5/2024

ग्राम मंगला के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम मंगला प.ह.नं. 35 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 1588/2, 1588/4 में से रकबा 0.137, 0.057 हे. एकड़/हे./वर्गफुट भूमि की नामांतरण विक्रय विलेख/फौती/ वसीयतनामा/ दानपत्र के आधार पर किये जाने के लिए पूनम अग्रवाल वगै. पति स्व. राजेश अग्रवाल निवासी बृहस्पति बाजार बिलासपुर द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 14/6/2024 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 15/5/2024 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

## न्यायालय तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)
ईश्तहार

क्रमांक/क/तह./वाचक/2024
बिलासपुर दिनांक 15/5/2024

ग्राम मंगला के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम मंगला प.ह.नं. 35 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि 1587/4 में से 0.39 एकड़/हे./वर्गफुट भूमि की नामांतरण विक्रय विलेख/ फौती/वसीयतनामा/ दानपत्र के आधार पर किये जाने के लिए श्री मनोज कुमार अग्र. आ. फत्तेचंद अग्रवाल द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 14/6/2024 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही किये जावेगे।

आज दिनांक 15/5/2024 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### सीएम साय आज प्राण प्रतिष्ठा समारोह में होंगे शामिल



**मुंगेली।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ग्राम फरहदा में 14 जून को भक्त माता कर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। दौरा कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री 14 जून को प्रातः 11.5 बजे रायपुर से हेलीकाप्टर द्वारा प्रस्थान कर प्रातः 11.40 बजे ग्राम फरहदा पहुंचेंगे। प्रातः 11.45 बजे से दोपहर 12.45 बजे तक भक्त माता कर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री दोपहर 12.50 बजे फरहदा से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### नेता प्रतिपक्ष डा. महंत व सांसद महंत कल जीपीएम जिले के प्रवास पर



**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत व कोरबा लोकसभा की नवनिर्वाचित सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत का एक दिवसीय प्रवास 15 जून को हो रहा है। जहां वे जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस महामंत्री पुष्पराज सिंह ने बताया कि 15 जून को दोपहर 1 बजे विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन, लोकसभा जीत पर कार्यकर्ताओं का आभार व सर्व आदिवासी समाज भवन गांगपुर, कोदवाही का लोकार्पण स्थान ग्राम पंचायत कोदवाही ब्लाक मरवाही,सायं 4 बजे धनपुर आदिशक्ति मां दुर्गा देवी मंदिर दर्शन, सायं 5 बजे मां नागेश्वरी मंदिर दर्शन ग्राम कुम्हारी, सायं 6 बजे नाटेस्वरी देवी मंदिर दर्शन ग्राम बरौर दर्शन कर मनेंद्रगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे। कार्यक्रम में समस्त कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं से शामिल होने की अपील जिला महामंत्री ने की है।

### जिला चिकित्सालय में रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम आज

मुंगेली। विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून को मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड सेंटर में स्वैच्छिक रक्तदान, जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से आम जनता को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए जागरूक किया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ एमके राय ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य रक्त संग्रहण के साथ-साथ अधिक से अधिक रक्तदाताओं का पंजीयन करना और आम जनमानस को स्वैच्छिक रक्तदान की आवश्यकता के बारे में बताना एवं जागरूक करना है। कार्यक्रम के माध्यम से ब्लड की पर्याप्त आपूर्ति बनाए रखना, सुरक्षित ब्लड ट्रांसफ्यूजन के लिए सार्वभौमिक, समय पर पहुंच और स्वैच्छिक रक्तदान के मूल्य आदि विषयों पर भी प्रकाश डाला जाएगा।

### महिला की अधजली लाश की गुत्थी सुलझी, प्रेमी ने ही की थी हत्या

**कोरबा।** प्रेमिका द्वारा अपने शादीशुदा प्रेमी पर अपने बीवी बच्चों को छोड़कर अपने साथ रहने के दबाव से व्यथित प्रेमी ने ही अपनी प्रेमिका की हत्या की थी। कुसमुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम रिस्दी सोनदरहा नाला के समीप एक 35 वर्षीय अज्ञात महिला की हत्या कर हत्यारे ने लाश को ठिकाने लगाने से पहले उसके शव को जला दिया और सोनदरहा नाले में लाश को ठिकाने लगा दिया। 9 जून की सुबह जब ग्रामीण दिशा मैदान के लिए पहुंचे तो उन्होंने महिला की लाश देख उनके होश उड़ गए और देखते ही देखते यह पूरे खबर गांव में फैल गई। लाश मिलने की सूचना पाते ही कुसमुंडा थाना प्रभारी रूपक शर्मा दलबल सहित मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को दी गई। प्रथम दृष्टया मामला यह स्पष्ट हो गया कि महिला की हत्या कर लाश को ठिकाने लगाया गया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर हत्यारों के गिरेबान तक पहुंचने के लिए पुलिस ने सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट के वैज्ञानिक अधिकारी डॉ सत्यजीत सिंह कोसरिया सहित पुलिस के आला अधिकारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। जहां वैज्ञानिक अधिकारी डॉ सत्यजीत सिंह ने घटनास्थल का मुआयना करने पर पाया कि हत्यारे ने पहले महिला की हत्या की है और साक्ष्य को छुपाने के लिए शव को जलाने का प्रयास किया है और उसके शव को ठिकाने लगा दिया गया ताकि पुलिस हत्यारों के गिरेबान तक ना पहुंच सके। इसी दौरान थाना प्रभारी कुसमुण्डा द्वारा अपने मातहत कर्मचारियों के साथ उक्त मामले में मृतिका की पहचान कार्यवाही हेतु लगातार प्रयास किया गया जो ग्राम सेमरा के तेरस राम कश्यप एवं दशरथ कश्यप ने महिला की शिनाख्त कर अपने बहन राम कुमारी कश्यप के रुप में किये महिला की शिनाख्त होने के उपरांत शार्ट पीएम रिपोर्ट प्राप्त हुआ जिसमें डॉक्टर द्वारा गला दबाकर हत्या करना लेख किये शार्ट पीएम रिपोर्ट के आधार पर अपराध धारा 302 भादवि का घटित होना पाये जाने से प्रकरण में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई।

## निधन

### सियाराम यादव



**बिलासपुर।** कुदूदंड निवासी मोटर पार्ट्स व्यवसायी सियाराम यादव का 12 जून को में निधन हो गया। वे 84 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे उषा किरण, प्रकाश, मनीषा, स्वर्णलता, पंकज व अनामिका के पिता थे।

### रामबाई साहू



**मस्तूरी।** श्रीमती रामबाई साहू का 82 वर्ष की आयु में 12 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 जून गुरुवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे राजेंद्र, राजू ,नाना साहू की मां थी।

### राजकुमारी यादव

**मस्तूरी।** श्रीमती राजकुमारी यादव का 85 वर्ष की आयु में 13 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे नंदकिशोर, अनिल यादव की दादी थीं।

---

### करही, रामगढ़, सुरीघाट के ग्रामीण हो रहे परेशान

# शहर के नजदीक के गांवों को नहीं मिल रहा शासकीय योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली




■ 2011 की सर्वे सूची तैयार नहीं होने से हितग्राही योजनाओं से वंचित

शहर के नजदीक बसे ग्राम पंचायतों में न शहर की सुविधाएं उपलब्ध हो पा रही है और न ही ग्राम पंचायतों के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल पा रहा है। ग्राम करही, रामगढ़, सुरीघाट में 2011 की सर्वे सूची तैयार नहीं होने से हितग्राही आज भी शासन की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित है। पीएम आवास से लेकर पेंशन योजना तक विभिन्न योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है।

जिला मुख्यालय का ग्राम पंचायत करही जहां कलेक्टोरेट सहित विभिन्न विभाग संचालित हो रहे है। इसी ग्राम में स्थापित शासकीय विभागों से पूरे जिले के लिए शासन की महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित हो रही है। जहां के ग्रामीणों को ही शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पंचायतों की बदलती फिजाओं ने जहां ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं मिलने से सरपंच के प्रति नाराजगी व्यक्त करते रहते है।

इन पंचायतों में नासिर बन चुके समस्याओं का हल करा पाना सरपंचों के लिए चुनौती है। ग्राम पंचायत रामगढ़, सुरीघाट, करही को शहर से लगे होने का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। नगर पालिका के विस्तार अंतर्गत इन पंचायतों में 2011 की सर्वे सूची में ग्रामीणों का नाम नहीं आने से केंद्र की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। पीएम आवास हो या पेंशन सहित अन्य योजनाओं का लाभ 2011 की सर्वे सूची तैयार नहीं होने के चलते ग्रामीणों को पिछले 13 वर्षों से लाभ लेने से वंचित है।

**सर्वे सूची उपलब्ध नहीं**

रामगढ़ के पूर्व सरपंच संजय सोनी ने बताया कि शहर के नजदीक होने के चलते जनपद पंचायत के तात्कालीन अधिकारियों ने शहरी सीमा में विस्तार के तहत रामगढ़ में 2011 की सर्वे नहीं कराया गया है। उन्होंने इस संबंध में जिले के उच्चाधिकारियों से लेकर राज्य सरकार के मंत्रियों तक बात रखी। हर बार उन्हें आश्वासन दिया गया किंतु आज तक सूची नहीं मिल पाई। जिसके चलते ग्राम में लगभग 387 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। वर्तमान सरपंच बुगल बाई नेतराम साहू ने बताया कि 2011 की सर्वे सूची जनपद में उपलब्ध नहीं है। जिसके चलते ग्रामीणों को हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसी प्रकार सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद पेंशन, विधवा पेंशन सहित अनेक योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

**लाभ दिलाया जाएगा**

इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। जानकारी लेकर ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा।

प्रभाकर पाण्डेय, सीईओ, जिला पंचायत

---



## जीपीएम पुलिस ने अंतरराज्यीय शराब तस्करों को पकड़ा

■ पिकअप वाहन समेत 1400 लीटर ब्रांडेड शराब जब्त

**भर्रीडांड़।** जीपीएम पुलिस को अंतरराज्यीय शराब तस्करों को पकड़ने में सफलता मिली है। रात्रि गश्त पर निकली मरवाही पुलिस की टीम ने मध्यप्रदेश से शराब लेकर आ रहे पिकअप वाहन को पकड़कर 1400 लीटर ब्रांडेड शराब जब्त किया है।

पुलिस के अनुसार मरवाही थाने के एएसआई चंदन सिंह, आरक्षक नारद जगत रात्रि गश्त चलचली रोड पर रात्रि गश्त कर रहे थे। इस दौरान रात 3:30 बजे पुलिस वाहन को देखकर मध्यप्रदेश की ओर से आ रहे पिकअप वाहन का चालक अचानक पिकअप मोड़ने लगा। संदेह होने पर पुलिस टीम ने उनका पीछा किया। पिकअप चालक वाहन खड़ा कर भागने में कामयाब हो गया। पुलिस ने पिकअप की जांच की तो कई पेटियों में ब्रांडेड अंग्रेजी शराब मिली। चेकिंग में टोल की पर्चियों समेत जो कागज मिले हैं उनसे इस तस्करी का कनेक्शन एमपी और सरगुजा से जुड़ा लगता है। अंबिकापुर क्षेत्र के बड़े अंतरराज्यीय शराब तस्कर के इसमें शामिल होने की संभावना है। जानकारी मिलते ही एसपी भावना गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल की मॉनिटरिंग में साइबर की टीम को भी आरोपियों की पतासाजी और धरपकड़ में लगाया गया है। फिलहाल पुलिस द्वारा पिकअप समेत 181 पेटी लगभग 1400 लीटर की ब्रांडेड शराब जब्त की गई है। सभी शराब की बॉटल मध्यप्रदेश निर्मित हैं। इनके बरौर के संभावित रूट पर सीसीटीवी फुटेज की जांच भी की जा रही है।

---

## एफएलएन के अंतर्गत शिक्षक प्राप्त कर रहे प्रशिक्षण



**पेंड्रा।** जिले में कक्षा से पांचवीं तक शिक्षण करने वाले शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत लागू हुए एफएलएन अर्थात बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता संख्या ज्ञान पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

डाइट पेण्ड्रा के अंतर्गत जिला जीपीएम मुंगेली और बिलासपुर जिले में प्रशिक्षण संचालित हो रहा है। डाइट पेण्ड्रा के अंतर्गत जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के जिला शिक्षा अधिकारी जे के शास्त्री, सभी विखं शिक्षा अधिकारी आर एन चंद्रा पेण्ड्रा, संजीव शुक्ला गौरेला, दिलीप पटेल मरवाही, ए पी सी मनोज रोहिणी एफएलएन जिला प्रभारी रश्मि नामदेव व्याख्याता डाइट पेण्ड्रा, सभी एसआरजी जयत्रिपाठी, नीतू पाठक, पुष्पांजली खान, राजेश चौधरी, विजय साहू द्वारा सभी प्रशिक्षण केंद्रों पर जाकर मॉनिटरिंग तथा अपेक्षित सहयोग प्रदान किया गया।

## परियोजना निदेशक ने पंचायतों का निरीक्षण कर दिए दिशा निर्देश



**गौरेला।** परियोजना निदेशक जिला पंचायत कौशल प्रसाद तेंदुलकर ने आज कोटमीकला अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोटमीकला, दमदम, गोड़ा, देवरीखुर्द, ग्राम पंचायत अमारू का निरीक्षण कर विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली।

उन्होंने पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, पीएम आवास योजना ग्रामीण को समय सीमा में पूर्ण कराने निर्देश दिए। महिला सशक्तिकरण के तहत चन्द्रहासिनी समूह, चांदनी समूह, सर्वमगला समूह, जय मां शारदा समूह, प्रतिज्ञा समूह, गंगा समूह, चाहत महिला स्व सहायता समूह के महिलाओं को कचरा कलेक्शन हेतु डस्टबिन वितरित किया। निरीक्षण के दौरान यशंवत बघेल उप सांचलक पंचायत, अनीष मसीह जिला समनव्यक पीएम आवास ग्रामीण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय शर्मा, गिरिवर साहू उपस्थित थे।

## एफएलएन प्रशिक्षण के अंतिम दिन विभिन्न विषयों पर दिया गया प्रशिक्षण



**सरगांव/जरहागांव।** एफएलएन प्रशिक्षण में चतुर्थ व अंतिम दिन एफएलएन प्रशिक्षण डीईओ सीके घृतलहरे, बीईओ, बीआरसी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर श्री घृतलहरे ने प्रशिक्षण की उपयोगिता, शाला प्रवेशोत्सव की तैयारी, नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन हेतु निर्देशित गया। एसके उपाध्याय ने शिक्षा नीति 1968, 1986, 1992, 2020 पर चर्चा की। अशोक कुमार कश्यप ने सकारात्मक सोच के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण में यूंके शर्मा, आकाश कुमार परिहार, संजय कुमार साहू, पिंकी शर्मा, सुभाषचन्द्र चतुर्वेदी, डीआरजी गौकरण डिंडोले, जिला राम यादव, गनेश राम गुप्ता, सीएसी, शत्रुहन साहू, मनोज कुमार साहू, खिरेंद्र साहू, ज्वाला प्रसाद साहू, नैन दास बंजारे, उमेश कुमार कश्यप, प्रवीण कुमार मिश्रा, मुंगेली विकास खंड के तीनों जोन में प्रतिभागी शिक्षक उपस्थित रहे।

## अब पुराने मंडी प्रांगण में लगेगा सब्जी बाजार



**तखतपुर।** सब्जी बाजार को व्यवस्थित कर अब इसे पुराना मंडी प्रांगण में लगाया जाएगा। इसके लिए एसडीएम ने निरीक्षण कर सब्जी विक्रेताओं से चर्चा की। नगर में सब्जी बाजार वर्तमान में वार्ड सात के गलियों में लगता है। जिस कारण लोगों को असुविधा भी होती है।

इस समस्या का हल निकालते हुए अब उसे पुराना मंडी परिसर में लगाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए आज एसडीएम डॉक्टर ज्योति पटेल ने वार्ड 7 के सब्जी बाजार का भ्रमण किया और व्यापारियों से चर्चा की। अध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्ण कुमार साहू ने कहा कि पुराना मण्डी प्रांगण में इसे लगाया जाएगा और वहां पर लगी दुकानों को सब्जी विक्रेताओं को आंबटित किया जाएगा। इस अवसर पर कृष्ण कुमार साहू, अमित मंदानी, दिलीप तोलानी, शिव देवांगन, नैन लाल साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

---

## आंधी से कई घरों के छज्जे, टीन के शेड उड़े, गिरा पीपल के पेड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोपका

बुधवार की शाम तेज हवा और बिजली की चमक के साथ बारिश हुई। जिसमें कई घरों के छज्जे, शीट उड़ गए। जगह-जगह पेड़ गिर गए। जिसमें भारी नुकसान हो गया। जिससे बिजली गुल हो गई।

वहीं ग्राम मोहरा के किसान वसंत पटेल के घर से लगे विशाल पीपल पेड़ घर की छत पर गिर गया। जिससे मकान क्षतिग्रस्त हो गया। आंगन में रखे ट्रैक्टर पर पेड़ गिर जाने से वह भी क्षतिग्रस्त हो गया। घर की छत पर लगे एडबेस्टस सीट टुकड़े-टुकड़े हो गया। वहीं हवा तूफान से कन्हैयालाल पटेल के घर की छत में लगे हुए एसबेस्टस शीट दूर जाकर गिरा। हर प्रसाद सूर्यवंशी के घर में लगे एडबेस्टस शीट हवा में उड़ गया। जिससे सीट टूट कर क्षतिग्रस्त हो गया।

## हमले में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत



कैंची के हमले से घायल युवक की उपचार के दौरान सिम्स बिलासपुर में मौत हो गई। आरोपी को दो दिन पहले ही पुलिस ने शिवरीनारायण से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सिम्स से मर्ग डायरी आने के बाद हत्या की धारा जुड़ेगी।

सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम धनिया में रविवार की रात आरोपी इंद्रपाल भारद्वाज और संतराम केंवट के बीच लकड़ी के बिक्री की राशि 120 रुपए के बंटवारे को लेकर विवाद हो गया था। आरोपी इंद्रपाल भारद्वाज ने घर में रखे कपड़ा काटने की कैंची से संतराम केंवट के पेट में प्राणघातक वार कर दिया था। हमले में संतराम के पेट से अतड़ी बाहर आ गई। संतराम को परिवार वालों ने बिलासपुर सिम्स में भर्ती करा दिया था जहां उसका इलाज चल रहा था। इधर आरोपी रात में ही फरार हो गया था। रिपोर्ट पर थाना सीपत में धारा 307 के तहत आरोपी की सरगर्मी से तलाश की गई। इस बीच सोमवार की देर रात आरोपी अपनी बड़ी मां के घर ग्राम सलखन, थाना शिवरीनारायण, जिला जांजगीर-चांपा में छिपे होने की जानकारी मिली। जिस पर पुलिस ने विशेष टीम गठित कर आरोपी को ग्राम सलखन से गिरफ्तार किया। इधर संतराम की इलाज के दौरान बुधवार की सुबह मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले के विवेचक एएसआई शिव बक्साल, प्रधान आरक्षक प्रफुल सिंह ने बताया कि आरोपी को जेल दाखिल किया जा चुका है। मर्ग डायरी आने के बाद हत्या की धारा जोड़ी जाएगी।

## सूने मकान से अज्ञात चोरों ने 80 हजार का सामान किया पार



**बेलतरा।** रतनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गढ़वट में चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। शिकायत पर पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। पुलिस के अनुसार मकान मालिक सुदर्शन कश्यप 50 वर्ष निवासी गढ़वट परिवार सहित बिलासपुर में निवास करते है। बीच बीच में आकर गढ़वट स्थित निवास स्थान की देखरेख कर वापस बिलासपुर चले जाते है। आज दिनेश बैशवाड़े के द्वारा फोन से सूचना मिली कि घर का चौखट टूटा हुआ है। सूचना पाकर गढ़वट आए और अंदर जाकर देखा तो घर में रखा हुआ कांसा के बर्तन क्रमशः 2 फुलकांस बटुआ बड़ा वाला, 1 गैस सिलेण्डर चूल्हा सहित, दो गुंडी पीतल का, 3 फुलकांस का लोटा, 3 फुलकांस का थाली, 2 बटकी फुलकांस, 1 पीतल का परात, 2 फुलकांस का मलिया, 1 तांबा का लोटा वजन दो किलो को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। चोरी हुए सामान की कीमत अस्सी हजार रूपए के आसपास है।

### जनपद पंचायत की सामान्य सभा 18 को

**तखतपुर।** जनपद पंचायत की सामान्य सभा 18 जून को दोपहर 12 बजे जनपद सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिसमें विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। यह जानकारी सीईओ लक्ष्मीकांत कौशिक ने दी।

---

### डीईओ ने आयोजित बैठक में दिए निर्देश

## शाला प्रवेश उत्सव 18 से, तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

जिला शिक्षा अधिकारी जेके शास्त्री ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर 18 जून से शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी के साथ सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। परियोजना प्रशासक एकीकृत आदिवासी विकास विभाग गौरेला के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, तीनों विकासखण्ड के संकुल शैक्षिक समन्वयक उपस्थित थे।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूल प्रारंभ होने से पूर्व विद्यालयों की साफ-सफाई, रंगरोगन, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश वितरण, नव प्रवेशी छात्रों की सूची हेतु आगनबाडी तथा प्राथमिक, माध्यमिक शालाओं से तैयार करने बच्चों के शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने पहले दिन से ही समस्त शिक्षकों की शालाओं में शत-प्रतिशत उपस्थिति के निर्देश दिए। प्रवेश उत्सव में पलकों, गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने और न्योता भोज की तैयारी सुनिश्ति करने को कहा। जिला शिक्षा अधिकारी ने छात्रों के जाति प्रमाण पत्र बनावने हेतु प्रवेश के समय पालकों से आवश्यक दस्तावेज एकत्रित कराने तथा आवेदन पूर्ण कराकर विकासखण्ड कार्यालय को प्रेषित करने हेतु निर्देशित किए। बैठक में सहायक जिला परियोजना अधिकारी एलएल जाटवर, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, डीके पटेल, डा संजीव शुक्ला, आरएन चन्द्रा, बीआरसीसी संजय वर्मा, संतोष सोनी ब्लाक नोडल संजय नामदेव, अजय चैधरी, संजय टांडिया सहित जिले के समस्त शैक्षिक समन्वयक उपस्थित थे।



बैठक में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी।

## शाला प्रवेश उत्सव की सफलता के लिए कार्य करें अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

■ जिपं सीईओ ने बैठक में दिए निर्देश

आत्मानंद विद्यालय दाऊपारा में शाला प्रवेश उत्सव के आयोजन के संबंध में मुंगेली, लोरमी एवं पथरिया तीनों विकासखण्ड के शिक्षा अधिकारी, समस्त संकुल प्राचार्य, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयकों की बैठक रखी गई।

बैठक में शाला प्रवेश उत्सव के सफल क्रियान्वयन हेतु सीईओ पाण्डेय ने सभी संकुल प्राचार्यों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि हमारे अंदर परोपकार व सहयोग की भावना होनी चाहिए। गरीब बच्चों के सपने पूरे करने की कोशिश करें। शिक्षक समय पर आए व समय पर जाएं। सभी प्राचार्य लक्ष्य बनाकर कार्य करें जिससे आपके शाला से 1-2 बच्चे अवश्य मेरिट में स्थान हासिल कर सके। उन्होंने आरटीई पर फोकस करते हुए किरायानामें की जगह का भौतिक सत्यापन करने, गणवेश की राशि का डीबीटी करने, आरटीई ड्रॉप-आऊट बच्चों की बैठक लेने के निर्देश दिए। बैठक में एडीपीओ अजय नाथ, समग्र शिक्षा के सभी एपीसी, एपीओ आकाश परिहार, सहा. वि.ख.शिक्षा अधिकारी, तीनों विकासखण्ड के नोडल अधिकारी, वि.ख.स्त्रोत समन्वयक, शाला प्राचार्य डॉ.आई.पी. यादव सहित सभी संकुल प्राचार्य उपस्थित रहे।




प्राचार्यो की बैठक में शामिल अधिकारीगण।

## खबर संक्षेप

### सिरगिट्टी क्षेत्र के तीन बार संचालकों को नोटिस

**बिलासपुर।** देर रात बार के सामने युवक युवतियों के बीच विवाद के बाद नींद से जागी सिरगिट्टी पुलिस ने क्षेत्र में संचालित 3 बार संचालकों को निर्धारित समय में बार बंद करने का नोटिस दिया है। समय के बाद बार खुले पाए जाने पर सख्ती से कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है।

ज्ञात हो कि सोशल मीडिया में रायपुर रोड गुम्बर पेट्रोल पंप के पास स्थित एक बार के सामने देर रात हाथ में बीयर की बोतल रखकर युवक युवतियों के बीच विवाद होने की वीडियो जोरों से वायरल हो रही थी। रिपोर्ट नहीं होने पर पुलिस को घटना की जानकारी नहीं हुई। वीडियो देखने के बाद गुरूवार को सिरगिट्टी टीआई के द्वारा क्षेत्र में संचालित 3 बार के संचालकों को निर्धारित समय में बार बंद करने, नाबालिगों को एंट्री नहीं देने, युवतियों के बार में प्रवेश देने पर महिला कर्मचारी रखने संबंधी नोटिस थमाया है। आदेश का पालन नहीं होने पर सख्ती से कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

### रिवर व्यू से तिरंगा झंडा गायब



**बिलासपुर।** रिवर व्यू में लहराने वाला तिरंगा झण्डा सप्ताभर से गायब है। अब यहां केवल उसका खंभा ही दिख रहा है। ऐसे में शाम को मौसम का मजा लेने यहां आने वाले लोग शहर के सबसे बड़ा तिरंगा झंडा नहीं होने से मायूस हो रहे हैं। क्योंकि अधिकतर लोग इस झंडे के साथ अपनी सेल्फी लेते हैं।

### सीपत रोड में मवेशियों का कब्जा



**बिलासपुर।** नगर निगम के मवेशी मुक्त सड़क का दवा खोखला साबित हो रहा है। नूतन चौक से सीपत रोड़ तक सड़कों में मवेशियों का जमावड़ा लग रहा है। इसके अलावा शहर के अन्य सड़कों में भी मवेशी घूम रहे हैं। इनके कारण दुर्घटनाए भी हो रही हैं। रात में बीच सड़क पर मवेशियों के बैठने से इनपर टकराकर बाइक चालक तक घायल हो रहे हैं।

### डीजल चोरी कर बेचने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** ट्रक से डीजल चोरी कर बेचकर भागने वाले ड्राइवर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रतनपुर पुलिस के अनुसार, जूना बिलासपुर निवासी आशीष सारथी ने रिपोर्ट लिखाई कि अंगद रोड लाइंस कंपनी के ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 एटी, 9400 का ड्राइवर रामानुजगंज निवासी शमसीर सिद्धिकी पिता इस्तियाक गाड़ी को रतनपुर क्षेत्र में खड़ी कर उसमें से 274 लीटर डीजल चोरी कर बेचकर भाग गया है। पुलिस ने ड्राइवर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया था। पुलिस ने रामानुजगंज से ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

**जल्द सुधरेंगे हालात:** तिफरा, सरकण्डा रोड में खुलेंगे नए ट्रैफिक थाने, सरकारी जमीन की तलाश

# यातायात थाना बंदः सड़क पर बेजा कब्जा, ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रायपुर रोड पर यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए खोला गया तिफरा यातायात थाना बंद होने से पूरा इलाका भगवान भरोसे हो गया है। सड़कों पर ठेला गुमटी, दुकानों के सामने सामान सजाकर रखने, सड़क पर गाड़ियों के खड़े होने से ट्रैफिक जाम होता है। बेजा कब्जा व सड़कों पर गड्ढे होने से लोगों को चलना मुश्किल हो रहा है। लोगों को जाम में फंसकर हलाकान होना पड़ रहा है। समस्या को देखते हुए अब तिफरा के अलावा सरकंडा व लिंक रोड पर नए ट्रैफिक थाने खोलने का निर्णय लिया गया है।

पूर्व में रायपुर मार्ग पर व्यवस्था सुधारने के लिए तिफरा सब्जी मंडी के पास शासकीय भवन में यातायात थाना खोला गया था। वहां 1 टीआई, 5 एएसआई, 4 हवलदार, 20 आरक्षकों की तैनाती की गई थी। इसके अलावा क्षेत्र में पेट्रोलिंग करने के लिए दो पेट्रोलिंग वाहन उपलब्ध कराए गए थे। पेट्रोलिंग पार्टी पर राजीव गांधी चौक से हाईकोर्ट तक सुगम यातायात व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी थी। भारी भरकम बल होने व लगातार पेट्रोलिंग होने से तिफरा क्षेत्र की यातायात व्यवस्था सुधर गई थी। दो साल पहले तिफरा यातायात थाना को बंद कर दिया, जिससे पूरा क्षेत्र भगवान भरोसे हो गया है। एक तरह से पूरे क्षेत्र की ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। लोगों को जाम में फंसकर हलाकान होना पड़ रहा है।

### ठेला और गुमटी वालों का कब्जा



ओवर ब्रिज पार करते ही गोखनेनाला से सड़कों के दोनों ओर कतार से ठेला वालों कब्जा कर धंधा करते रहते हैं। ठेला के सामने ग्राहकों के चार पहिया वाहन खड़े होने से ट्रैफिकजाम हो जाता है और वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। आए दिन लोगों को ट्रैफिकजाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

### सड़कों पर व्यापारी फैलाकर रखते हैं सामान



राजधानी मार्ग होने के कारण सड़क चौड़ीकरण पर फोरलेन बनाया था, किन्तु सड़क के दोनो ओर तिफरा के व्यापारी दुकान के सामने सड़क पर सामान सजाकर रख रहे हैं। उसके बाद खरीददारी करने वाले लोगों की दोपहिया व चार पहिया वाहन अस्त व्यस्त खड़ा कर रहे हैं। इस तरह से आधी सड़क पर कब्जा हो जाता है।

### डिवाइडर पर लगे ग्रिल काटकर ले जा रहे चोर



सड़क चौड़ीकरण के साथ ही शहर को सुंदर बनाने के लिए डिवाइडर में लोहे का ग्रिल लगाया गया है। क्षेत्र में पुलिस की उपस्थिति नहीं होने के कारण चोर बेखौफ होकर डिवाइडर में लगे लोहे का ग्रिल काटकर ले जा रहे है। जगह जगह ग्रिल चोरी होने से डिवाइडर खराब दिखाई दे रहा है। अमूमन ये स्थिति शहर में लगभग सभी जगह है।

### रिकार्ड में 21 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी

ट्रैफिक थाना से मिली जानकारी के अनुसार, प्रतिदिन सुबह शाम तिफरा क्षेत्र में सब्जी मंडी में 5, बस स्टैण्ड के सामने 2, रामावर्ल्ड के पास 1, मोतीलाल पेट्रोल पंप के पास 1, हाईकोर्ट में 3, छतौना मोड़ सहित 21 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जा रही है। इसके अलावा एक पेट्रोलिंग पार्टी व एक हाइवे पेट्रोलिंग की ड्यूटी लगाई जाती है। खबर है कि केवल वीआईपी के जाते समय सभी पाइंट में पुलिसकर्मी नजर आते हैं। उनके जाने के बाद लापता हो जाते हैं। ऐसा ही हाल शाम को रहता है वीआईपी आने के बाद पुलिसकर्मी लापता हो जाते है। पेट्रोलिंग गाड़ी व हाइवे पेट्रोलिंग कहीं भ्रमण करते नजर नहीं आता है। खबर है कि रायपुर रोड नेशनल हाइवे के पास पेट्रोलिंग गाड़ी वाहन चेकिंग में व्यस्त रहते हैं।



तिफरा स्थित अस्थाई थाना की जगह धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर खोल दिया गया है।

### तिफरा, सरकण्डा लिंक रोड पर खुलेंगे नए ट्रैफिक थाने

दिसंबर 2023 में राज्य सरकार ने शहर की बेलगाम ट्रैफिक व्यवस्था को देखते हुए तिफरा, सरकण्डा, लिंक रोड पर नया ट्रैफिक थाना खोलने की स्वीकृति प्रदान कर दिया है। इस तरह से अब बेलगाम ट्रैफिक व्यवस्था बनाने के लिए शहर में चार स्थाई ट्रैफिक थाना बन जाएगा। ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी तीनों जगहों में नया ट्रैफिक थाना बनाने के लिए शासकीय जमीन के तलाश में लगे हुए है। शीघ्र की नए तीन ट्रैफिक थाना खुलने की संभावना जताई जा रही है।

### नए थाने के लिए जमीन की तलाश

तिफरा, सरकण्डा, लिंग रोड पर नए ट्रैफिक थाने खोलने की स्वीकृति मिल गई है। एसपी के माध्यम से तीनों क्षेत्र में थाना बनाने शासकीय जमीन उपलब्ध कराने कलेक्टर से पत्राचार किया गया है। जमीन मिलने के बाद थाना भवन बनाने का काम शुरू हो जाएगा। पहले अस्थाई रूप से तिफरा में चल रहे यातायात थाना को बंद कर दिया गया था। वर्तमान में प्रतिदिन तिफरा से हाईकोर्ट तक 15 से 20 पुलिसकर्मियों की व्यवस्था बनाने ड्यूटी लगाई जा रही है।

**-संजय साहू,** ट्रैफिक डीएसपी

## एसीसीयू गठित, टीम में पांच पुलिसकर्मियों की पोस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गंभीर अपराध में अपराधियों को पकड़ने के लिए राज्य सरकार के आदेश पर दो साल पहले जिले में एसीसीयू टीम का गठन किया गया था, जो व्यापार विहार पुराने पंडित सुंदरलाल यूनिर्वसिटी भवन से संचालित हो रही है। गठन के बाद शिकायत के आधार पर कई अधिकारियों व पुलिस कर्मियों को हटाया गया था। टीम को मजबूत करने के लिए एसपी रजनेश सिंह ने जिले में पदस्थ पुराने क्राइम ब्रांच में काम करने वाले व साइबर संबंधी जानकारी रखने वाले पुलिसकर्मियों से एसीसीयू में जाने के लिए आवेदन मंगाए गए थे। 20 से अधिक पुलिसकर्मियों के एसीसीयू टीम जाने के लिए आवेदन जमा करने की चर्चा है। गुरूवार को एसपी रजनेश सिंह के द्वारा चकरभाठा से प्रधान आरक्षक आतीश पारिक, सिरगिट्टी से शोभित कैवर्त्य व आरक्षकों में सिविल लाइन से अविनाश कश्यप, सिविल लाइन से राहुल चंदेल, पचपेड़ी से संजय कुमार यादव की एसीसीयू टीम में पोस्टिंग की है।

### टीम में मात्र 11 अधिकारी कर्मचारी

जिले में गंभीर अपराध होने पर अपराधियों को पकड़ने गठित एसीसीयू टीम में 1 एएसपी, 1 टीआई, 1 एसआई, 1 हवलदार, 7 सिपाही सहित मात्र 11 पुलिसकर्मी शामिल हैं। 5 पुलिसकर्मियों की पोस्टिंग होने से संख्या 16 हो गई है। जबकि रायपुर एसीसीयू टीम में 80 व दुर्ग में 35 पुलिस अधिकारी कर्मचारियों की पोस्टिंग है। इस तरह से एसीसीयू में पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों की संख्या बहुत कम है।

## रेंज के 10 प्रधान आरक्षक पदोन्नत, बने एएसआई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आईजी ने विभागीय परीक्षा पास कर पीपी कोर्स करने वाले रेंज 10 प्रधान आरक्षकों को पदोन्नत कर एएसआई बनाया है। सभी लोगों का दूसरे जिलों में तबादला किया गया है।

■ पद रिक्त नहीं होने की वजह से नहीं मिल पाई थी पदोन्नति

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर वर्ष 2023 में रेंज स्तरीय प्रधान आरक्षक से एएसआई पदोन्नति परीक्षा आयोजित की गई थी। उसके बाद अगस्त 2023 में पीपी कोर्स कराया गया था। रेंज में एएसआई का रिक्त पद नहीं होने के कारण प्रधान आरक्षकों को पदोन्नति नहीं मिल पाई थी। पीपी कोर्स करने के बाद भी प्रधान आरक्षक थाने में मुंशीगीरी कर रहे थे। गुरूवार को रेंज में एएसआई का रिक्त पद खाली होने पर आईजी डा. संजीव शुक्ला ने रेंज के 10 प्रधान आरक्षकों को प्रदोन्नत करते हुए तबादला लिस्ट जारी की है।

पदोन्नत होकर एएसआई बनने वाले प्रधान आरक्षक धीरेन्द्र तिवारी की बिलासपुर से मुंगेली, धर्मेन्द्र शर्मा का बिलासपुर से मुंगेली, अरविंद सिंह की बिलासपुर से सारंगढ़, उमेश दास गोयल की मुंगेली से सक्ती, अनुज कुमार डहरिया की मुंगेली से जीपीएम, ओमप्रकाश राजपूत की मुंगेली से सारंगढ़, सत्या सिंह बिसेन की जीपीएम से जीपीएम, अशोक कुमार सोनवानी की जीपीएम से रायगढ़, प्रीतम सिंह राजपूत की बिलासपुर से सारंगढ़, मेडार्ड मिंज की मुंगेली से मुंगेली जिला पदस्थापना की गई है।

## क्विक रिस्पांस टीम में चार टीआई सहित 73 पुलिसकर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसपी ने जिले में कानून व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस लाइन में 4 टीआई सहित 73 पुलिसकर्मियों की क्यूआर टीम का गठन किया गया है। चार टीआई के नेतृत्व में पुलिसकर्मी चार शिफ्ट में बलवा ड्रिल के साथ पुलिस लाइन में तैनात रहेंगे। घेराव, धरना प्रदर्शन व गंभीर अपराध होने पर टीम तत्काल मौके पर पहुंचेगी।

बलौदाबाजार में धरना प्रदर्शन के दौरान कलेक्टोरेट, एसपी आफिस व गाड़ियों में आग लगाकर पथराव व बवाल होने की घटना को देखते हुए एसपी रजनेश सिंह ने जिले में बेहतर कानून व्यवस्था बनाने के लिए 4 टीआई सहित 73 पुलिसकर्मियों की नामजद क्विक रिस्पाट टीम क्यूआरटी बनाई है। टीम को चार शिफ्ट में बांटा गया है, जो निर्धारित समय में बलवा ड्रिल के साथ पुलिस लाइन में तैनात रहेगी। जिले में होने वाले शासकीय कार्यालयों में घेराव, धरना प्रदर्शन, चक्काजाम, गंभीर अपराध होने पर क्यूआरटी बलवा ड्रिल के साथ मौके पर जाकर कानून व्यवस्था बनाने का काम करेगी। एक शिफ्ट में टीआई जेपी गुप्ता 22 पुलिसकर्मियों के साथ सुबह 8 से 2 बजे, टीआई रविन्द्र अनंत 21 पुलिसकर्मियों के साथ दोपहर 2 से रात 10 बजे, टीआई ओपी कुजूर 21 पुलिसकर्मियों के साथ रात 10 से 2 बजे, टीआई अंजना केरकेट्टा रात 2 से सुबह 10 बजे तक पुलिस लाइन में तैनात रहेंगे। इसमें एसपी आफिस, एएसपी शहर व ग्रामीण, आईयूसीडब्लू, सीएसपी सिविल लाइन / कोतवाली / चकरभाठा, सरकण्डा, अजाक थाना के पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है।

### चार रेलवे स्टेशनों में की सघन जांच

## बिना टिकट यात्रा करते 294 पकड़े गए, 5 अवैध वेंडर्स पर भी कार्रवाई

■ बिलासपुर–चांपा–भाटापारा सेक्शन और उसलापुर स्टेशन में चला टिकट चेकिंग अभियान



**बिलासपुर।** रेलवे ने बिलासपुर-चांपा-भाटापारा सेक्शन में 12 जून को गहन टिकट चेकिंग अभियान चलाया। ये अभियान वरि.मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह तथा मंडल वाणिज्य प्रबंधक एस.भारतीयन के नेतृत्व में चलाया गया। इसमें

वाणिज्य निरीक्षक, मुख्य टिकट निरीक्षक व टीटीई स्टाफ ने बिलासपुर-चांपा-भाटापारा स्टेशनों के बीच विभिन्न ट्रेनों में और बिलासपुर व उसलापुर स्टेशन में सघन टिकट चेकिंग की। टिकट चेकिंग अभियान में 378 मामलों से 2 लाख 91 हजार 345 रूपए जुर्माना के रूप में वसूला गया, जिसमें बिना टिकट के 294 मामले से 2 लाख 58 हजार 390 रुपए, अनियमित टिकट के 68 मामले से 31 हजार 355 रूपए और बिना बुक लगेज के 16 मामले से 1600 रूपए का जुर्माना लगाया गया। स्टेशनों में टिकट चेकिंग के दौरान बिना टिकट के ट्रेन में सफर करने वालों में खलबली मची रही।

### पेंट्रीकार पर भी कार्रवाई

टिकट चेकिंग के दौरान ही अफसरों ने 12834 हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस के पेंट्रीकार की भी जांच की। पेंट्रीकार में कार्यरत कर्मचारियों का मेडिकल सर्टिफिकेट, परिचय-पत्र, सफाई व्यवस्था को भी जांच गया। अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता और वैधता जांची गई। इस दौरान एक वेंडर के पास मेडिकल सर्टिफिकेट व परिचय-पत्र नहीं पाए जाने पर जुर्माने की कार्रवाई की गई। टिकट चेकिंग के दौरान बिलासपुर स्टेशन में 5 अनाधिकृत वेंडर पकड़े गए, उनसे 4090 रुपए जुर्माना वसूला गया।

### स्कूल जतन योजना के तहत मिले 32 करोड़

## 174 स्कूलों की मरम्मत में देरी 39 ठेकेदारों को थमाया नोटिस



**बिलासपुर।** जिले में 761 से अधिक जर्जर स्कूल हैं, 18 जून से नए सत्र के तहत स्कूले खुलने वाले हैं, लेकिन अब तक इन स्कूलों की मरम्मत नहीं हो पाई है, जबकि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत पिछले सत्र में बिलासपुर जिले के जर्जर स्कूलों की मरम्मत के लिए 32 करोड़ रुपए मिले थे। इसे देखते हुए काम कराने वाली एजेंसी आरईएस ने 39 ठेकेदारों को नोटिस जारी किया है। मरम्मत के लिए करोड़ों रुपए आने के एक साल बाद भी 174 स्कूलों में छतों को सुधारने का काम, पॉलिश, दीवारों में रंगरोगन, शौचालयों की मरम्मत के साथ साज सज्जा तक का काम पूरा नहीं हो पाया है। ऐसे में अब 174 स्कूलों में काम करने वाले 39 ठेकेदारों को नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा 4 ठेकेदारों को ठेका निरस्त करने से पहले अंतिम चेतावनी जारी की गई है। सभी ठेकेदारों को निर्देशित किया गया है कि नए शिक्षण सत्र शुरु होने से पहले स्कूलों में मरम्मत का काम पूरा कराया जाए, ताकि बारिश के दौरान बच्चों को स्कूल में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

### 113 स्कूलों को तोड़ना है

स्कूल शिक्षा विभाग के अफसरों के अनुसार जिले के मस्तूरी,बिल्हा, कोटा और तखतपुर ब्लॉक में कुल 761 स्कूल जर्जर हैं। इसमें 113 स्कूल तो पूरी तरह से खंडहर हो चुके हैं। इन स्कूलों को डिस्मेंटल करने के लिए शासन को पत्र भी लिखा जा चुका है। लेकिन अब तक इन्हें तोड़ने का काम शुरू नहीं किया गया है। इसके अलावा 21 से अधिक स्कूल अभी भी खपरैल वाले हैं। यहां बारिश में पानी टपकने से स्कूली बच्चों को परेशानी होती है।

### ठेका खत्म करने की चेतावनी

मुख्यमंत्री स्कूल जनत योजना के तहत पिछले सत्र स्कूलों की मरम्मत के लिए ठेका दिया गया था। ऐसे में 174 स्कूलों में मरम्मत का काम अधूरा है। काम में देरी की वजह से 39 ठेकेदारों को नोटिस जारी किया गया है। 4 ठेकेदारों को ठेका समाप्त करने की चेतावनी दी गई है।

**-एसएल कैवर्त,** कार्यपालन यंत्री आरईएस।

### अवैध खनन-परिवहन पर कार्रवाई

## खनिज विभाग ने 7 हाइवा सहित 13 वाहन किए जब्त

■ वाहन मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज



**बिलासपुर।** खनिज विभाग ने अवैध खनन और परिवहन पर कारवाई करते हुएं 7 हाइवा सहित 13 वाहनों की जब्ती की है। खनिज विभाग के उप संचालक डॉ. दिनेश मिश्रा ने बताया कि खनिज विभाग की टीम ने लोधीपारा, कोनी, सेंदरी, कछार, लोफंदी, मंगला, धुरीपारा, लोखंडी, निरतू, घुटकू लमेर, नेवरा, कोटा, बोड़सरा, सिरगिट्टी क्षेत्र मे रेत खदान एवं खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की सघन जांच की। इस दौरान सेंदरी क्षेत्र में 4 हाईवा एवं लोधीपारा क्षेत्र में 2 ट्रैक्टर को रेत का अवैध परिवहन करते पाया गया। इसी तरह नेवरा क्षेत्र में 3 हाईवा 1 जेसीबी, 1 चेन माउंटेड मशीन को खनिज मिट्टी, मुरूम का अवैध उत्खनन एवं कोटा क्षेत्र में 2 ट्रेक्टर को खनिज रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर चैन माउंटेड मशीन को सुपुर्दगी में देते हुए अन्य सभी वाहनों को पुलिस थाना कोटा की अभिरक्षा में रखा गया है। अवैध अभिवहन पास,रायल्टी पर्ची के बिना खनिजों का उत्खनन और परिवहन किए जाने के कारण सभी 13 वाहन चालकों, मालिकों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी तरह पिछले सप्ताह भी खनिज जांच चौकी लावर मस्तूरी में 3 हाईवा को रेत का एवं 2 माजदा को मिट्टी के परिवहन करते पाए जाने पर जब्ती बनाई है।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग में नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## निगम कमिश्नर ने तेजी से अभियान चलाने दिए निर्देश

**बिलासपुर।** नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार ने गुरूवार को सभी जोन कमिश्नरों की बैठक लेकर दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि बारिश में जल भराव की स्थिति निर्मित न हो। इसके साथ ही उन्होंने अवैध होर्डिंग्स, फ्लैक्स, बैनर के खिलाफ महाअभियान चलाने कहा है। निगम कमिश्नर ने अधिकारियों को युद्धस्तर पर काम में जुट जाने के निर्देश दिए हैं।

निगम कमिश्नर ने सभी छोटे-बड़े नाला-नालियां साफ हों तथा संभावित जल भराव वाले क्षेत्रों में बारिश होते ही पानी निकासी में तत्काल जुटने कहा है। उन्होंने नालियों में कचरा फेंककर जाम करने वाले और मोहल्लों में पानी निकासी को अन्य किसी तरीके से जाम करने वाले लोगों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा बैठक में निगम कमिश्नर ने शहर में चल रहे अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ कार्रवाई और तेज करने तथा सड़क किनारे, चौक-चौराहों पर लगे अवैध रूप से फ्लैक्स बैनर को हटाने महाअभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। दुकानदारों द्वारा दुकान के ऊपर और बाहर अवैध और असुरक्षित तरीके से लगाए गए बोर्ड और बैनर को भी हटाने के निर्देश दिए हैं। विकास भवन के दृष्टि सभाकक्ष में निगम कमिश्नर अमित कुमार ने सभी जोन कमिश्नरों, सफाई विभाग, राजस्व और अन्य अधिकारियों की बैठक लेकर सफाई विभाग और जोन को निर्देशित किया कि नाली सफाई के लिए सफाई गैंग की डयूटी दो शिफ्ट में लगाई जाए।

■ अवैध होर्डिंग्स, फ्लैक्स, बैनर खिलाफ अभियान चलाने कहा

एक टीम सुबह और एक टीम शाम को सफाई करें ताकि दोनों ही समय में बारिश होने पर तत्काल सफाई अभियान में जुटा जा सके। इसके अलावा सभी जोन कमिश्नरों को पानी निकासी के सभी उपकरणों को दुरूस्त कर इमरजेंसी मोड में रखने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही निगम कमिश्नर ने सफाई विभाग और सभी जोन से पिछले साल जहां-जहां जल भराव हुआ था, वहां जल भराव से बचाव के क्या-क्या उपाय किए गए हैं उसका रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा है। इसके अलावा अवैध होर्डिंग्स और उस पर कार्रवाई की पूरी रिपोर्ट भी जमा करने के निर्देश दिए हैं।

Rahul Travels
One Way Taxi Pvt Ltd

TODAY OFFER
50% Discount on One Way Taxi



| Bilaspur To | Zest | Crysta | Today Offer* |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Ambikapur / Sambalpur Bargarh / Blangir | 3999 | 5999 | 1999 |
| Jabalpur/ Katni | 4999 | 7999 | 2999 |
| Nagpur / Rewa | 7999 | 11999 | 4999 |
| Ranchi / Bhopal Banara / Prayagraj | 9999 | 16999 | 5999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd

Scan And Book
9926411411

*T&C Apply

RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp